नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 249 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, सोमवार 18 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर

बस्तर फाइटर लिखित परीक्षा आयोजित



पेज -8 पर

69 वी सीनियर राष्ट्रीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने छत्तीसगढ़ ...

आजादी का अमृत महोत्सव

# छत्तीसगढ़ में 'हर घर तिरंगा' अभियान में होगी जन-जन की भागीदारी: मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान आयोजित किया जा रहा है, इस अभियान में 13 से 15 अगस्त तक हर घर, शासकीय-निजी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अर्धशासकीय कार्यालयों, व्यावसायिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों के कार्यालयों में तिरंगा झंडा फहराया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बैठक में इस अभियान के लिए छत्तीसगढ़ में की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान में जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केंद्रीय गृह मंत्री शाह की अध्यक्षता में अभियान की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शामिल हुए**

अभियान के संबंध में शासकीय स्तर पर बैठक आयोजित की जा चुकी है, भारत सरकार द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं, उनके आधार पर प्रदेश में तैयारियां की जा रही हैं। अभियान में सामाजिक संगठनों, सार्वजनिक उपक्रमों, निजी उपक्रमों, कारपोरेट जगत की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

सार्वजनिक उपक्रमों, निजी उपक्रमों, कारपोरेट जगत को सीएसआर मद से इस अभियान में भागीदारी और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। खादी ग्रामोद्योग एवं हाथ करघा विभाग, स्थानीय स्व-सहायता समूहों के माध्यम से तिरंगा का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे उन्हें और स्थानीय दर्जियों को रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 60 लाख परिवार हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिलेवार लक्ष्य तय कर कार्ययोजना बनाई गई है। पांपलेट, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स और सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मुख्य सचिव ने भी कलेक्टरों की बैठक लेकर उन्हें इस अभियान की तैयारियों के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं।

रेलवे स्टेशन के सामने ढोल बजाकर अनोखा प्रदर्शन

# ट्रेनों के स्टॉपेज, अंडरब्रिज, बंद गाड़ियों को चालू करने की है मांग, जमकर हुई नारेबाजी

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले में रेलवे के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। यही वजह है कि लोगों ने अब अकलतरा रेलवे स्टेशन के सामने ढोल बजाकर अनोखा प्रदर्शन किया है। इनकी बंद ट्रेनों को चालू करने, अंडरब्रिज बनाने और कई ट्रेनों के स्टॉपेज देने समेत कई मांग है। लोगों का कहना है कि यदि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो आगे उग्र प्रदर्शन होगा।

बताया गया है कि अकलतरा स्टेशन में कई गाड़ियां नहीं रुकती हैं। इसके अलावा भी और कई तरह की परेशानी है। जिसके चलते लोग परेशान हैं। यही वजह है कि अकलतरा संघर्ष समिति के बैनर तले रविवार को लोग स्टेशन के सामने ही धरने पर बैठ गए। इसके बाद जमकर नारेबाजी करने लगे। कुछ देर बाद ढोल बजाकर भी



प्रदर्शन शुरू कर दिया गया, जो 2 घंटे तक चलता रहा।

प्रदर्शन करने पहुंचे स्थानीय लोग और संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा है कि यदि जल्द ही मांगों को नहीं सुना जता है तो तो आगे उग्र आंदोलन होगा। उनका कहना था कि रेलवे यहां ध्यान नहीं दे रहा। इस वजह से लोग परेशान हैं। लोगों ने इस संबंध में रेलवे के अधिकारी को एक ज्ञापन भी सौंपा है।

## इन मांगों को लेकर प्रदर्शन

टाटा- इतवारी एक्सप्रेस का जल्द से जल्द अकलतरा स्टेशन में स्टॉपेज दिया जाए। इसके अलावा मुंबई मेल, आजाद हिंद एक्सप्रेस और हापा एक्सप्रेस को भी अकलतरा स्टेशन में स्टॉपेज दिया जाए।

प्लेटफॉर्म नंबर एक और दो की दोनों दिशाओं की लंबाई बढ़ाई जाए।

नगर में एक अंडरब्रिज बनाया जाए।

इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस को कोरबा तक विस्तारित किया जाए।

बंद गाड़ियों को जल्द से जल्द चालू किया जाए।

## एक नजर

### राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से अनंत नायक ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर ।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज राजभवन में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री अनंत नायक ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर श्री अनंत नायक ने राज्यपाल सुश्री उइके से छत्तीसगढ़ के जनजातीय मुद्दों एवं उनकी समस्याओं पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि श्री नायक दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आए हुए है।

### मलेरिया, डेंगू से लड़ने बनाई गई अधिकारियों की टीम



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में मलेरिया और डेंगू के साथ जापानी बुखार के बढ़ते मामलों ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। इन मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए कलेक्टर चंदन कुमार ने नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई है। गांव और शहर इन दोनों जगहों के लिए दो अलग-अलग टीम काम करेगी। कलेक्टर ने बैठक लेकर अफसरों को मैदान में उतरकर काम करने के निर्देश दिए हैं।

# महिला और दो मासूम बच्चों की संदिग्ध अवस्था में जलकर मौत

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में सूरजपुर जिले के जरही, भटगांव में कथित तौर पर पति के अवैध संबंध को लेकर दंपति में हुए विवाद के बाद पत्नी एवं दो बच्चों की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई। पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध होने को लेकर करीब दस साल से पति-पत्नी के बीच विवाद हो रहा था। शनिवार की देर रात पड़ोसियों ने कॉलोनी में उनके घर से धुआं निकलते देख तीनों को गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में अस्पताल पहुंचाया। महिला एवं छोटे बेटे की देर रात एवं बड़े बेटे की रविवार दोपहर मौत हो गई।





जानकारी के अनुसार, एसईसीएल में माइनिंग सरदार के पद पर पदस्थ संजीव चौधरी अपनी पत्नी बसंती चौधरी (31), बेटे अनमोल (10) और हिमांचल (4) के साथ शक्तिनगर जरही कॉलोनी में रहते हैं। संजीव चौधरी के अनुसार, उसकी शनिवार को नाइट ड्यूटी थी और वह ड्यूटी पर चला गया था। देर रात पड़ोसियों ने घर से धुआं निकलते देख घर में प्रवेश किया तो तीनों गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में मिले, जिन्हें उन्होंने भटगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पड़ोसियों से उन्हें अपने घर में आग लगने एवं पत्नी व दोनों बच्चों के गंभीर रूप से झुलस जाने की सूचना मिली तो वे भटगांव अस्पताल पहुंचे।

# छत्तीसगढ़ में बढ़ने लगा कोरोना का संक्रमण, 505 नए मरीज मिले, एक्टिव केस 2656

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार को प्रदेश में 505 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 2656 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 489 दुर्ग व 468 एक्टिव केस रायपुर जिले में हैं। राज्य शासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य की सीमाओं और सभी एयरपोर्ट पर कोविड जांच अनिवार्य किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोविड गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करें। टीकाकरण और बूस्टर डोज जरूर लगवाएं। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार से कोरोना टीके का बूस्टर डोज मुफ्त में लगना शुरू हो गया है।



राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के मुताबिक शनिवार को 11 हजार 280 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 505 नए संक्रमित मिले हैं। दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा 118 मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले 24 घंटे में 216 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। वहीं 22 लोग हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 3.42त्न से बढ़कर 4.48त्न हो गई है। छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब तक 14 हजार 45 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं अब तक 11 लाख 58 हजार 658 लोग संक्रमित हो चुके हैं। पूरे प्रदेश में दुर्ग सबसे हॉट जोन बना हुआ है।

## इन जिलों में मिले कोरोना के मरीज

*24 घंटे में प्रदेश के 24 जिलों में कोरोना के 505 नए मरीज मिले हैं। दुर्ग जिले में 118, रायपुर में 76, राजनांदगांव में 47, बेमेतरा में 30, बालोद व बिलासपुर में 28-28, रायगढ़ में 27, बलौदाबाजार में 24, जांजगीर-चांपा में 23, कोरबा में 17, महासमुंद में 15, सरगुजा में 12, मुंगेली में 9, कोरिया में 8, धमतरी व सूरजपुर में 7-7, कबीरधाम में 6, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही व बलरामपुर में 5-5, गरियाबंद व जशपुर में 4-4, कांकेर में 3, दंतेवाड़ा व बस्तर में 1-1 मरीज मिले हैं।*

# सांप के डसने से भाई-बहन सहित 3 की मौत, झाड़-फूंक के चक्कर में गई जान

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (GPM) जिले में सांप के काटने से भाई-बहन सहित 3 बच्चों की मौत हो गई। भाई-बहन को सांप ने डसा तो परिजन झाड़-फूंक में उलझे रहे। इस दौरान बच्ची की मौत हुई। इसके बाद भी बेटे को अस्पताल ले जाने की जगह डॉक्टर के पास से घर ले आए। उसने भी झाड़-फूंक के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं एक अन्य 10 साल के बच्चे की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। घटना के बाद लोगों ने सांप को मार दिया। दोनों ही घटना मरवाही थाना क्षेत्र की है।जानकारी के मुताबिक, धुम्मा



टोला निवासी तोप सिंह की 8 साल की बेटी अन्नू और 11 साल के बेटे लोकेश को 15 जुलाई की रात सांप ने काट लिया। देर रात करीब 11 बजे उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। पेट और सीने में दर्द के साथ ही दोनों बच्चों के मुंह से झाग निकलने लगा। यह देख परिजनों ने झाड़-फूंक करना शुरू कर दिया। इससे बच्चों की तबीयत और बिगड़ गई। इस पर परिजनों ने रात करीब 1 बजे एंबुलेंस को कॉल किया, पर अन्नू की तबीयत और खराब हो गई।

# राजनांदगांव में एंबुलेंस से पहले आई मौत

## कोरबा में गर्भवती को खाट पर पार कराई नदी,बीजापुर में नदी किनारे प्रसव

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर बारिश और बाढ़ के हालात हैं, तो लाचार सिस्टम की तीन कहानियां सामने आई हैं। राजनांदगांव में जहां पुल नहीं होने के चलते बीमार 17 साल के लड़के को नदी पार करने के दौरान अस्पताल तक पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। वहीं कोरबा में गर्भवती को खाट पर नदी पार कराई गई। बीजापुर में तो महिला ने नदी किनारे ही बच्चे को जन्म दे दिया। इसके बाद SDRF ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल दोनों की हालत ठीक है। पहली कहानी राजनांदगांव जिले के छुरिया ब्लॉक की। यहां कि ग्राम पंचायत है घेरूघाट। उसका आश्रित



गांव है किकाड़ीटोला। यहां रहने वाले सुद्धु का 17 साल का बेटा रोशन बीमार हो गया। छुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाई, लेकिन वह नदी के दूसरी ओर रुक गई। इस पर परिजन खुद ही रोशन को लेकर निकले। किसी तरह से उसे कंधे पर लेकर उफनती नदी से एंबुलेंस तक पहुंचे। इन सबमें इतनी देर हो गई कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में रोशन ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने समय पर इलाज नहीं होने और नदी पर पुल नहीं होने के कारण मौत का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि नदी पर पुल को लेकर ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे हैं, लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही।

# कांग्रेस करेगी 21 को ईडी दफ्तर का घेराव

**कार्यक्रम के संचालन के लिए पीसीसी अध्यक्ष ने बनाई कमेटी**

**रायपुर ।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजे गए ईडी के सम्मन के विरोध में कांग्रेस ईडी ऑफिस का घेराव करेगी ।21 जुलाई को ईडी दफ्तर घेराव के लिए पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रदेश कांग्रेस के कोशाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के संयोजकत्व में 5 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी में राम गोपाल अग्रवाल संयोजक ,खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ,प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवीघोष ,प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला ,संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला सदस्य होंगे।

**संकट...** छत्तीसगढ़ के पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव के इस्तीफे के बाद प्रदेश की राजनीति में भूचाल आ गया

# महाराष्ट्र जैसा संकट, शुरू हो चुकी है बगावत-पूर्व सीएम रमन सिंह

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव के इस्तीफे के बाद प्रदेश की राजनीति में भूचाल आ गया है। मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने भूपेश बघेल पर हमला बोला। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सिंहदेव सरकार में दूसरे नंबर के मंत्री है।



वह ऐसे मंत्री हैं, जिन्होंने प्रदेश सरकार को यहां तक लाने में योगदान दिया। जनघोषणा पत्र क्रियान्वयन के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, लेकिन आज वो निराश और हताश हैं। यह स्थिति छत्तीसगढ़ के सभी मंत्रियों में है। सभी आक्रोशित हैं। महाराष्ट्र जैसी स्थिति छत्तीसगढ़ में बन रही है। सरकार धरी रह गई और सारे लोग बगावत में आ गए।

डॉ. रमन ने कहा कि किसी सरकार में पंचायत विभाग के भारसाधक मंत्री को यह कहना पड़े कि मेरे धैर्य की सीमा टूट चुकी है। मैं इस पद को धारण नहीं कर सकता। इसका मतलब यह है कि सरकार में मुख्यमंत्री व मंत्रियों के बीच स्थिति ठीक नहीं है। डॉ. रमन ने कहा कि सरकार के वरिष्ठतम मंत्री को अपने विभाग में काम करने का अधिकार नहीं मिला। अपने विभाग के कामों की प्रशासनिक स्वीकृति देने का भी अधिकार उन्हें नहीं दिया गया। उसके विभाग के निर्णय उनसे बगैर पूछे लिए जाते रहे। कोई सूचना भी उन्हें नहीं दी गई। भूपेश बघेल सरकार भी महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर चल रही है।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सिंहदेव ने अपने इस्तीफे का सबसे बड़ा कारण अपने घोषणा पत्र के वादों को बताया है।

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के 8 लाख मकान बनाना था, जिसे भूपेश बघेल ने बनने नहीं दिया। 10 हजार करोड़ का इनवेस्टमेंट छत्तीसगढ़ में आता। 10 हजार करोड़ का नुकसान छत्तीसगढ़ को हुआ है। 8 लाख गरीबों को आवास मिलते। गरीबों के जीवन में खुशहाली आती, लेकिन यह नहीं हो पाया, जिससे टीएस सिंहदेव निराश हुए। उन्हें लगा की गरीबों को आवास नहीं दे पाएं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दोषी बताया है।

# हर घर हरियाली' - मंत्री डॉ. डहरिया ने घर-घर पौधा रोपण का किया अनुरोध

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत 'हर घर हरियाली' अभियान के तहत आज यहां रायपुर में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया को उनके निवास पर रायपुर नगर निगम के अधिकारियों ने पौधा भेंट किया। इस अवसर पर डॉ. डहरिया ने अधिकारियों को रायपुर नगर निगम क्षेत्र में घर-घर पौधा वितरण करने कहा। उन्होंने नागरिकों से भी हर घर में पौधा लगाने का अनुरोध किया है। डॉ. डहरिया ने कहा है कि हर घर पौधा लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा हरियाली रहेगी, तो होगी खुशहाली। उन्होंने सभी से पौधरोपण कर पौध संरक्षण करने का भी अनुरोध किया है



गौरतलब है कि नगर निगम रायपुर क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान 'हर-घर हरियाली' अभियान के तहत इस मौसम में दो लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए घर-घर हरियाली होना जरूरी है

# शिवसेना का समर्थन और राजनीतिक गोलबंदी, आखिर इस समीकरण के अर्थ क्या हैं?

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने का फ़ैसला किया है, लेकिन कांग्रेस ने शिवसेना के इस फैसले पर निराशा व्यक्त की और कहा, शिवसेना का यह निर्णय समझ से परे लग रहा है। सचमुच कहा जाए तो कांग्रेस की यह प्रतिक्रिया ही समझ से परे लग रही है। हालांकि यह कांग्रेस के अब तक के इतिहास के बिल्कुल अनुरूप ही है।

राष्ट्रपति चुनाव



शिवसेना इन दिनों गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। ऐसे में उद्धव ठाकरे ने द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का फैसला क्यों किया है, इसकी वजह भी साफ है। मौजूदा संकट से पैदा हुई राजनीतिक मजबूरियों के कारण ही शिवसेना प्रमुख ने यह निर्णय लिया है।

शिवसेना इन दिनों गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। ऐसे में उद्धव ठाकरे ने आखिरकार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का फैसला क्यों किया है, तो इसकी वजह भी साफ है। मौजूदा संकट से पैदा हुई राजनीतिक मजबूरियों के कारण ही शिवसेना प्रमुख ने द्रौपदी मुर्मू को समर्थन दिया है। लिहाज़ा, कांग्रेस द्वारा इस तरह का निष्कर्ष निकालना भले ही आसान लग रहा हो, लेकिन जब मोदी, भाजपा सरकार के विरुद्ध राजनीतिक एकता समय की जरूरत है, तो कांग्रेस खुद इसके लिए तैयार नहीं है, और उसकी इस प्रतिक्रिया से एक बार फिर यह बात स्पष्ट हो गई है।

## विपक्ष की हर कोशिश रही नाकाम

पिछले आठ वर्षों से कांग्रेस और विपक्ष की हर कोशिश को नाकाम करते हुए केंद्र में मोदी और बीजेपी का राज कायम है। इस सरकार के विरुद्ध आवाज़ उठाने में विपक्षी पार्टियों को हमेशा विफलता ही हाथ लगी है।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को भाजपा सरकार ने एक झटके में खत्म ही नहीं किया बल्कि इस सीमावर्ती राज्य को दो-दो केंद्र शासित भागों में बांट दिया। अयोध्या में राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया।

कांग्रेस या किसी अन्य विपक्षी दल में इस मुद्दे को उठाने की हिम्मत नहीं थी, तो यह बात समझ में आती है। लेकिन यह मुख्य विपक्षी दल सीएए, एनआरसी के मुद्दे पर भी विपक्ष को एकजुट करने में कामयाब नहीं हुआ, कहना होगा कि उस आंदोलन की शुरुआत युवाओं ने की थी। अल्पसंख्यक समुदाय की प्रतिक्रियाएं बेहद संयमित थीं। उस आंदोलन के प्रभाव के कारण केंद्र सरकार को दो कदम पीछे हटना पड़ा।

पंजाब और उत्तर प्रदेश में किसानों के मुद्दे पर हुए विद्रोह ने पूरे देश में एक नए अवसर का मार्ग खोल दिया था। साल भर किसान दिल्ली बॉर्डर पर डटे रहे, लेकिन विपक्ष के घटक दल अपनी पिछली भूमिकाओं के कारण फिर से गोलबंदी नहीं कर सके।

पंजाब और उत्तर प्रदेश चुनाव नज़दीक आते ही प्रधानमंत्री मोदी खुद पीछे हट गए, किसान विरोधी कानून वापस ले लिया। इंदिरा गांधी के बाद सबसे शक्तिशाली नेता का यूं पीछे हटना भी एक बड़ा अवसर साबित हुआ। इस कारण उत्तर प्रदेश में विरोधी पक्ष उपचुनाव हार गए।

पंजाब में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद उसे हार का सामना करना पड़ा। भाजपा ने आम आदमी पार्टी के लिए सत्ता का दरवाजा खोल दिया। दलितों पर अत्याचार और अल्पसंख्यकों की मॉब लिंचिंग के मामलों से भाजपा और संघ परिवार बड़ी सफाई से खुद को अलग करने में कामयाब हो गई। बिहार के बेलची गांव में दलित हत्याकांड के बाद इंदिरा गांधी हाथी पर सवार होकर वहां पहुंची थीं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश के हाथरस गांव गए ज़रूर, लेकिन उत्तर प्रदेश में राजनीतिक परिदृश्य से पहले ही गायब हो चुकी कांग्रेस पर दलितों का विश्वास खत्म हो चुका था। अब मुस्लिम समुदाय के खिसकते जनाधार को कांग्रेस बचा पाएगी, इस बात का भी भरोसा नहीं रहा। किसान आंदोलन में भी किसानों को कांग्रेस से कोई उम्मीद नहीं थी। पिछले दस वर्षों के कांग्रेस के शासन का आर्थिक एजेंडा बहुत अलग नहीं था।

इसमें राहुल गांधी का कोई दोष नहीं है। मनमोहन सिंह के शासन के दौरान राहुल गांधी को सत्ता से बाहर रखने वाले जी 23 गुट ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। एक बार फिर से पूरा समूह राहुल गांधी के नेतृत्व को दोष देने के लिए एक पांव पर खड़ा है।

## इंदिरा गांधी के दौर की गोलबंदी

इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया आपातकाल और उसके खिलाफ जनता पार्टी का विद्रोह उस समय विपक्षी दलों की एक प्रकार की गोलबंदी ही थी, लेकिन वह गोलबंदी केवल इंदिरा हटाओ के नारे से नहीं आई थी। इंदिरा गांधी ने 1971 में जब पाकिस्तान को दो भागों में विभाजित करके बांग्लादेश का निर्माण किया था, तब उनकी लोकप्रियता चरम पर थी। जिस इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा जाता था, उनकी तुलना अटल बिहारी वाजपेयी ने मां दुर्गा से की, लेकिन उसके बाद सिर्फ 7 सालों में देश का पूरा माहौल ही बदल गया। बिहार और गुजरात में भ्रष्टाचार विरोधी नारों ने एक युवा आंदोलन को जन्म दिया।

कपिल पाटिल

## संपादकीय

### श्रीलंका की झांकी में भारत

भारत को श्रीलंका की दशा में अपनी झांकी देखनी चाहिए। सोचें, यदि भारत की दशा श्रीलंका जैसी हुई तो भारत की मदद के लिए कौन होगा? क्या दुनिया वैसे ही भारत से दूरी बनाए हुए नहीं होगी, जैसे श्रीलंका से बनाए हुए है? फिर भारत का संकट कितने आयाम लिए हुए होगा? भारत का संकट अकेले आर्थिकी का नहीं होना है, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक भी होगा। भारत की आबादी और आकार के आगे श्रीलंका कुछ नहीं है। भारत की आयातों और आवश्यकताओं की भूख विशाल है तो साथ में उसके चीन और पाकिस्तान से पंगे हैं, हिंदू-मुस्लिम, खालिस्तानी, संघीय व्यवस्थाओं के इतने तनाव हैं कि उस सबमें दुनिया के कौन से देश भारत की चिंता करते हुए होंगे? क्या अमेरिका, ब्रिटेन या रूस और चीन या जापान? कटु सत्य है कि पूरी दुनिया ने दक्षिण एशिया की अनदेखी की हुई है। अफगानिस्तान महीनों से भुखमरी व भूकंप जैसी आपदाओं के बावजूद अछूत है। बांग्लादेश हाल में बाढ़ में डूबा हुआ था लेकिन वैश्विक मदद और चिंता नहीं के बराबर। ऐसे ही म्यांमार, पाकिस्तान, नेपाल जैसे देशों से भी दुनिया के अमीर-विकसित देशों की नजरें फिरी हुई हैं। चीन ने जिस तरह श्रीलंका को रामभरोसे छोड़ा है उससे साफ है कि वह अब भूराजनीतिक सरोकारों में भी दक्षिण एशिया की परवाह करता हुआ नहीं हैं। उसे तनिक भी यह चिंता नहीं हुई कि श्रीलंका पर शिकंजे के बाद यदि वह दिवालिया हुआ है तो उसकी मदद कर अपनी बदनामी रोके। चीन ने साबित किया है कि वह पहले साहूकार देश है। उसकी महाशक्ति की ताकत सौ टका आर्थिक हितों के लिए है।

# यूं साबित हुई दादा साहब फाल्के पुरस्कार की सही हकदार

अपने दौर की पहली महिला सुपरस्टार रहीं अभिनेत्री कानन देवी का जन्म 22 अप्रैल 1916 को ब्रिटिश बंगाल के हावड़ा में एक मध्यम वर्गीय बंगाली परिवार में हुआ था। भारतीय सिने जगत में कानन देवी का नाम एक ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने न केवल फिल्म निर्माण की विधा, बल्कि अभिनय और पार्श्वगायन से भी दर्शकों के बीच अपनी खास पहचान बनाई थी।

बगैर प्रशिक्षण हासिल किए कानन ने गायन की दुनिया में प्रवेश किया और अभिनय के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाई। वह पहली बांग्ला कलाकार थीं, जिन्हें भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1976 में 'दादा साहेब फाल्के पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

## 10 साल की उम्र में आर्थिक जिम्मेदारी

कानन के दत्तक पिता रमेशचन्द्र दास की जब मृत्यु हुई उस समय वह महज 10 साल की थीं। इसके बाद परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी को देखते हुए कानन देवी अपनी मां के साथ काम में हाथ बंटाने लगीं। तब अपने एक पारिवारिक मित्र की मदद से उन्हें 'ज्योति स्टूडियो' द्वारा निर्मित फिल्म 'जयदेव' में काम करने का अवसर मिला।

इसके बाद कानन देवी ने ज्योतिस बनर्जी के निर्देशन में राधा



कानन देवी पुण्यतिथि पर विशेष

भारतीय सिने जगत में कानन देवी का नाम एक ऐसी शख्सियत के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने न केवल फिल्म निर्माण की विधा बल्कि अभिनय और पार्श्वगायन से भी दर्शकों के बीच अपनी खास पहचान बनाई थी।

फिल्म्स के बैनर तले बनी कई फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम किया। कुछ समय के बाद कानन देवी न्यू थियेटर में शामिल हो गईं। इस बीच उनकी मुलाकात रायचंद बोराल से हुई, जिन्होंने कानन देवी के सामने हिन्दी फ़िल्मों में काम करने का प्रस्ताव रखा। तीस और चालीस के दशक में फ़िल्म अभिनेता या अभिनेत्रियों को फिल्मों में अभिनय के साथ ही पार्श्वगायक की भूमिका भी निभानी पड़ती थी। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए कानन देवी ने भी संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी। उन्होंने उस्ताद अल्लारक्खा और भीष्मदेव चटर्जी से संगीत की ट्रेनिंग ली।

वर्ष 1937 में प्रदर्शित फ़िल्म 'मुक्ति' बतौर अभिनेत्री कानन देवी के सिने करियर की सुपर हिट फिल्म साबित हुई। पीसी बरुआ के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कामयाबी के बाद कानन देवी न्यू थियेटर की चोटी की कलाकारों में गिनी जाने लगी थीं। सन 1941 में कानन देवी ने न्यू थियेटर छोड़ दिया और अब वे स्वतंत्र तौर पर काम करने लगीं। 1942 में आई जवाब कानन देवी के हिंदी फिल्मों के करियर में सबसे हिट फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में उन पर फ़िल्माया गया यह गीत दुनिया है तूफान मेल, उन दिनों काफ़ी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद कानन देवी की 'हॉस्पिटल', 'वनफूल' और 'राजलक्ष्मी' जैसी फिल्में आई।

## साल 1948 में की थी आखिरी फिल्म

1948 में आई चंद्रशेखर कानन देवी की बतौर एक्ट्रेस आखिरी हिंदी फिल्म थी। इस फिल्म में उनके अपोजिट अशोक कुमार थे। भले ही कानन को फिल्मों में कामयाबी मिली लेकिन निजी जिंदगी में उन्हें काफी मुश्किलों और दर्द का सामना करना पड़ा। 1940 में कानन देवी ने ब्रह्म समाज के मशहूर शिक्षाविद हरम्बा चंद्र मैत्रा के बेटे अशोक मैत्रा से शादी की लेकिन पूरा समाज इस शादी के खिलाफ था क्योंकि उस दौर में महिलाओं का फिल्मों में काम करना अच्छा नहीं माना जाता था। वहीं, जब मशहूर कवि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने कानन और अशोक की शादी पर गिफ्ट और आशीर्वाद दिया तो ब्रह्म समाज ने उनकी भी बहुत आलोचना की।

डॉ श्रुति कौशिक

# मिला जुला

**DA** व **HRA** के लिए 25 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा

# सामूहिक नेतृत्व व निष्पक्ष बैनर में होगा आंदोलन

**रायपुर।** प्रदेश भर के कर्मचारियों की एकता के लिए संजय शर्मा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, वीरेंद्र दुबे प्रदेश अध्यक्ष शालेय शिक्षक संघ, विकास राजपूत प्रदेश अध्यक्ष नवीन शिक्षक संघ द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर सभी संघो की समान भूमिका व सामूहिक नेतृत्व में डीए व एच आर ए की मांग को लेकर 25 जुलाई से सामूहिक नेतृत्व में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा करते हुए प्रदेश के सभी संघ के प्रदेश अध्यक्ष को आर पार के आंदोलन के लिए सामने आकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल होने की अपील की है।



संजय शर्मा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन, वीरेंद्र दुबे प्रदेश अध्यक्ष शालेय शिक्षक संघ, विकास राजपूत प्रदेश अध्यक्ष नवीन शिक्षक संघ ने कहा कि जनवरी 2020 का 4 त्न, जुलाई 2020 के 3 त्न, में से 1 त्न मिलाकर 5 % मंहगाई भत्ता 1 मई 2022 से दिया गया है। वर्तमान में जुलाई 2020 का 2 %, जनवरी 2021 से 4%, जुलाई 2021 से 3 %,

जनवरी 2022 से 3 त्न मिलाकर कुल 12 त्न मंहगाई भत्ता लंबित है, और कर्मचारियों को अभी भी 6 वें वेतनमान के अनुरूप गृहभाड़ा भत्ता मिल रहा है, जिसके कारण समस्त शासकीय कर्मचारियों को प्रतिमाह लगभग 4000 ?से 14000? की आर्थिक क्षति हो रही है।

प्रदेश में महंगाई भत्ता व सातवे वेतनमान के अनुरूप गृहभाड़ा भत्ता की मांग को लेकर समस्त कर्मचारियों में सरकार की हठधर्मिता को लेकर गहरा आक्रोश है व लगातार अलग अलग बैनर तले धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को शासन के समक्ष रख रहे हैं किंतु सरकार द्वारा अभी इनकी किसी मांग को पूर्ण नही किया गया है। प्रदेश में सफल शिक्षाकर्मी आंदोलन के बड़े चेहरे रहे छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत ने सँयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर एकता का संदेश देते हुए कहा कि - समस्त अधिकारी व कर्मचारी संगठन एक साथ एक मंच पर आकर अब अनिश्चित कालीन (आर-पार आंदोलन) करें तभी हमें ষ্ঠ और सातवे वेतनमान के अनुरूप ॥क्र की प्राप्ति होगी, अन्यथा सरकार द्वारा कर्मचारियों की इसी तरह उपेक्षा की जाती रहेगी।

संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे और विकास राजपूत ने अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा और मंहगाई भत्ता संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक अनिल शुक्ला से अपील किया है कि कर्मचारी हित मे एकजुट होना ही समाधान है तभी सरकार की हठधर्मिता से लोहा लिया जा सकता है।

अब समय एक, दो, तीन, पांच दिन के आंदोलन का नही अपितु आर-पार के लिए अनिश्चिकालीन आंदोलन का है, इसलिए अब इस दिशा में ईमानदारी से आगे बढ़ने की जरूरत है। वर्मा जी से आग्रह है कि आप अपनी टीम को 25 जुलाई से अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए तैयार करे व अनिल शुक्ला जी से अनुरोध है कि आप अपनी पूरी टीम के साथ इस 25 जुलाई से आयोजित आंदोलन में सहभागिता प्रदान करे, आंदोलन निष्पक्ष बैनर, समान भूमिका व प्रान्ताध्यक्षों की सामूहिक नेतृत्व में होगा।

ज्ञात हो कि पिछले 2 कैबिनेट बैठक में कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता बढ़ने का भरोसा था, पर 14 जुलाई के कैबिनेट बैठक में कर्मचारियों के मंहगाई भत्ता पर निर्णय लेने के बजाय विधायकों के वेतन - भत्ते में वृद्धि का फैसला लिया गया।

सत्ता पक्ष व विपक्ष मिलकर वेतन - भत्ते बढ़ा ले रहे है, इसी प्रकार कर्मचारी भी मिलकर अनिश्चितकालीन हड़ताल करते हुए 34त्न महंगाई भत्ता व 7 वे वेतनमान के आधार पर गृह भाड़ा भत्ता ले सकते है।

**बंगाल के गवर्नर NDA के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट**

# झुंझुनू के जगदीप धनखड़ को भाजपा ने बनाया उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

**नई दिल्ली.** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ह्रष्ठ की तरफ से उप राष्ट्रपति उम्मीदवार होंगे। धनखड़ राजस्थान के झुंझुनू के रहने वाले हैं। दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की मीटिंग में यह फैसला हुआ। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने धनखड़ के नाम का ऐलान किया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम नेता शामिल हुए। धनखड़ को NDA का उपराष्ट्रपति उम्मीदवार चुने जाने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, 'खुशी है कि जगदीप धनखड़ हमारे (NDA) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। मुझे यकीन है कि वे राज्यसभा में उत्कृष्ट अध्यक्ष होंगे और राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सदन की कार्यवाही का मार्गदर्शन करेंगे।' वहीं धनखड़ ने उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया है।



### राजस्थान के जाट नेता हैं धनखड़

भाजपा के जाट नेता राजस्थान के रहने वाले हैं। 70 साल के जगदीप धनखड़ को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 30 जुलाई 2019 को बंगाल का 28वां राज्यपाल नियुक्त किया था। वे 1989 से 1991 तक राजस्थान के झुंझुनू से लोकसभा सांसद रहे। 1989 से 1991 तक वीपी सिंह और चंद्रशेखर की सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे।

**होगी मूसलाधार बारिश; अलर्ट जारी**

## अगले 48 घंटों में पूरे यूपी में सक्रिय होगा मॉनसून

**लखनऊ।** अफगानिस्तान और उत्तरी पाकिस्तान पर बन रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते मॉनसून अगले 48 घंटों में पूरे उत्तर प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा। इसके बाद प्रदेश के अधिकांश इलाकों में अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 17-18 जुलाई से मॉनसून के सक्रिय होने के आसार है। इससे पहले प्रदेश के कई जिलों में तेज हवाएं चलेंगी जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी राहत मिलेगी। आपको बता दें कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शनिवार को झमाझम बारिश हुई, जिसके कारण मौसम सुहावना हो गया। मौसम विभान ने पहले ही पश्चिमी यूपी के जिलों में मध्यम से भारी स्तर की बारिश होने का अनुमान जताया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकार ने बताया कि मौसम का मिजाज धीरे-धीरे बदलने लगा है। माना जा रहा है कि मानसून की टर्फ लाइन ऊपर की ओर आ रही है जिससे उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में सोमवार और मंगलवार को तेज मानसूनी बारिश होने की संभावना बन रही है।



### मोदी सरकार के साथ सीधे टकराव के मूड में हैं तेलंगाना के सीएम

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव केंद्र की मोदी सरकार के साथ सीधे टकराव के मूड में दिख रहे हैं. मानसून सत्र के लिए मुख्यमंत्री केसीआर ने अपनी पार्टी तेलंगाना राष्ट्र समिति के सांसदों को राज्य से जुड़े मुद्दों की लिस्ट सौंपी है. टीआरएस के सांसद इन मुद्दों को सदन में जोरशोर से उठाएंगे. तेलंगाना राष्ट्र समिति का आरोप है कि केंद्र सरकार राज्य से भेदभाव कर रही है. जिन मुद्दों की लिस्ट केसीआर ने सांसदों को सौंपी है, उनमें फंड ना देने से लेकर बिजली और पानी के मुद्दे शामिल हैं. तेलंगाना ने रोजगार गारंटी योजना शुरू की है और ग्रामीण गरीबों को आजीविका प्रदान कर रहा है।

# राजग से राष्ट्रपति प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के लिए सारंगढ़ विधायक से समर्थन मांगने पहुंचा भाजपा प्रतिनिधि मण्डल

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

आगामी 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति पद हेतु राजग की राष्ट्रपति प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगने सारंगढ़ भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने आज सारंगढ़ विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े से मुलाकात किया।

भाजपा प्रतिनिधि मंडल विधायक निवास मुड़वाभाठा पहुंचकर पत्रक के माध्यम से समर्थन मांगा एवं सहयोग की अपील की। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे वरिष्ठ भाजपा नेता जगन्नाथ केशरवानी, पूर्व विधायक डॉक्टर जवाहर नायक व जिला उपाध्यक्ष ज्योति पटेल ने राष्ट्रपति प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू के लिए निवेदन पत्र देते हुए विधायक उत्तरी जांगड़े से अपील किया कि राजग द्वारा पहली बार किसी अनुसूचित जनजाति महिला को प्रत्याशी घोषित किया है जो कि सम्पूर्ण महिला वर्ग के लिए सम्मान व गौरव की बात है साथ ही साथ सम्पूर्ण अनुसूचित जन जातीय समूह के लिए भी गर्व का विषय है। ऐसे में एक महिला होने के नाते आप को भी द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करना चाहिए। सारंगढ़ विधायक से मिलने गए प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता जगन्नाथ केशरवानी, जवाहर नायक, पुरुषोत्तम अजेश अग्रवाल, ज्योति पटेल, अमित अग्रवाल, मनोज मिश्रा, अजय जवाहर नायक, मयूरेश केशरवानी, भूषण चंद्रा, देवेंद्र रात्रे, रविन्द्र पटेल, राजकिशोर पटेल एवं अन्य सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# बरसते पानी में जलभराव का जायजा लेने निकले संसदीय सचिव

## पालिका की टीम के साथ शहर भ्रमण कर जल निकासी की व्यवस्था कराई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

बीती रात से लगातार हो रही बारिश से शहर तर बतर हो गया है। ग्राम खरोरा के पास मुख्य मार्ग पर पानी का बहाव होता रहा। बरसते पानी में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शहर भ्रमण के दौरान मौके पर पहुंचकर पानी निकासी की व्यवस्था कराई गई। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात से क्षेत्र में मूसलाधार बारिश का सिलसिला शुरू रहा। आज रविवार को भी सुबह से बारिश होती रही।



संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर बरसते पानी में शहर का भ्रमण किया और जलभराव का जायजा लिया।

बाद इसके नगरपालिका की टीम को मौके पर बुलवाकर जल निकासी की व्यवस्था की गई। संसदीय सचिव चंद्राकर ने वार्ड एक व वार्ड 14 में पहुंचकर नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए। वार्ड 14 निवासी पूजा साहू, गीतिका साहू व रजनी औसर ने बताया कि बारिश से घरों में बरसात का पानी घुस गया। जिससे काफ ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां नागरिकों ने बताया कि यहां मलबा जमा होने से नाली जाम की भी स्थिति बनती है। जिस पर संसदीय सचिव चंद्राकर ने तत्काल नगरपालिका के सीएमओ को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह जिला मुख्यालय से ग्राम खरोरा में भी जलभराव की स्थिति रही। जहां मौके पर पहुंचकर संसदीय सचिव चंद्राकर ने जल निकासी की व्यवस्था कराई। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, मंगेश टांकसाले, सोमेश दवे, देवव्रत चंद्राकर, आवेज खान, जब्बर चंद्राकर, गोलू मदनकार आदि मौजूद रहे।

# बारिश से प्रभावित परिवारों को संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर के निर्देश पर पहुंचाई राहत

### नपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने एन एच और सेतु निगम के साथ की आपात बैठक



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

लगातार बारिश से शहर के निचली बस्तियों में रहने वाले करीब 30 से 40 परिवार प्रभावित हुए हैं। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवं नगर पालिका के कार्यवाहक अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने वार्डों का जायजा लिया। और प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाते हुए उनके भोजन व रहने की व्यवस्था की गई। वहीं बारिश से हुए नुकसान का आंकलन में राजस्व जुटे हुए हैं।

मौसम विभाग के अलर्ट के बाद से महासमुंद में शनिवार से लगातार हो रहीं बारिश से जन जीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। इस बारिश से शहर के कई वार्डों में जल मग्न की स्थिति निर्मित हो गई है। वहीं बारिश के कारण वार्ड नंबर एक और 14 के करीब 30 से 40 परिवार प्रभावित हुए हैं। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर एवं नगर पालिका के कार्यवाहक अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, राजस्व विभाग के तहसीलदार प्रेमु साहू, पटवारी खम्मन लाल साहू प्रभावितों का जायजा लिया, और प्रभावितों को तत्काल राहत पहुंचाई गई है। प्रभावित परिवारों को बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में विस्थापित किया गया। नगर पालिका द्वारा उनके भोजन की व्यवस्था की गई। वहीं संसदीय सचिव चंद्राकर ने राजस्व विभाग को बारिश से हुए क्षति का आंकलन करने को कहा है।

जल भराव से निपटने नगर पालिका में हुई आपात बैठक

संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर के निर्देश पर जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए नगर पालिका के कार्यवाहक अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने राष्ट्रीय राज मार्ग, सेतु निगम की आपात बैठक बुलाई। जिसमें एन एच 353 के एस के द्विवेदी, सेतु निगम से विश्वकर्मा, सहायक अभियंता नायर, पालिका के एई अनुप कुमार सोनी, दिलीप कश्यप, दिलीप चंद्राकर मौजूद रहे। बैठक में बारिश से जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए बग्गा स्टोर के पास राष्ट्रीय राज मार्ग नाला के खुदाइ कर अंबेडकर चौक पर स्थित नाली से जोड़ने का निर्णय लिया गया। नपाध्यक्ष चंद्राकर ने जल्द ही नाला निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं।



# बस्तर फाईटर लिखित परीक्षा आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



प्रक्रिया वर्ष 2021-22 अंतर्गत बस्तर संभाग के समस्त जिला मुख्यालय में 17 जुलाई 2022 को प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की गई बस्तर फ ईटर आरक्षक भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत बस्तर संभाग में शारीरिक दक्षता परीक्षा उपरांत कुल 5405 उम्मीदवार लिखित परीक्षा हेतु योग्य पाये गए थे। योग्य पाये गये उम्मीदवारों में से कुल 5332 उम्मीदवार 17 जुलाई 2022 को लिखित परीक्षा में उपस्थित हुऐ। बस्तर फ ईटर आरक्षक के लिए आयोजित 50 अंको का लिखित परीक्षा प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न वस्तुनिष्ठ,बहुविकल्पीय, प्रकार के प्रश्न थे। जिसमें 4 विकल्प दिया गया था। उम्मीदवार ओएमआर शीट उत्तर पुस्तिका में सही उत्तर का विकल्प में गोला लगाकर प्रश्न पत्र का उत्तर दिया जाना था लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में कुल प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची अनुसार प्रत्येक जिले से अधिकतम 900 उम्मीदवारों का समस्त जिला मुख्यालय में 26 जुलाई 2022 से 03 अगस्त 2022 तक 20 अंक के लिए साक्षात्कार आयोजित की जावेगी। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी द्वारा बताया गया कि जिस तरीके से बस्तर फ ईटर भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय युवा-युवतियों द्वारा उत्साह एवं उम्मीद से भाग लिये जा रहें है। उसको देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि बस्तर संभाग अंतर्गत क्षेत्र की शांति, सुरक्षा एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करने में स्थानीय युवा.युवतियां द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा चेताया गया कि बस्तर फ ईटर भर्ती प्रक्रिया के संबंध में यदि किसी व्यक्ति द्वारा संदिग्ध, अनैतिक तथा आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित होने पर उनके विरुद्ध आईपीसी के धारा 420 या अन्य उपयुक्त कानूनी प्रावधान के तहत कठोर कानूनी कार्यवाही की जावेगी। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा यह भी बताया गया। यदि किसी व्यक्ति द्वारा अभ्यर्थी अथवा उनके परिजनों से संपर्क कर गुमराहए दिग्भ्रमित एवं गलत जानकारी दिया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज एवं संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक को दिया जावे।



## बागबाहरा पटेवा में चोरी, अज्ञात पर मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के बागबाहरा और पटेवा थाने में अज्ञात ने कपड़ा दुकान और सूने मकान से कपड़ा, जेवर और नकदी रकम सहित सवा लाख रुपए पार कर दिया। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। बागबाहरा पुलिस को कपड़ा दुकान संचालक सुखरीडबरी निवासी प्रकाश ध्रुव ;24द्ध ने बताया कि बीते 6.7 जुलाई की रात उनके सुखरीडबरी स्थित कपड़ा दुकान से अज्ञात ने ताला तोड़कर दुकान में रखी 60 नग शर्ट 100 नग टीशर्ट, 24 नग लोवर और 80 नग जींस 48 नग बाबा सूट कुल कीमती 95 हजार रुपए अज्ञात ने चोरी कर ली। पुलिस ने शिकायत पर जांच पश्चात अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# कलेक्टर हरिस एस ने कोंटा में बाढ़ का लिया जायजा

### राहत केंद्र का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



कलेक्टर हरिस एस ने कोंटा पहुंच बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने नांव के माध्यम से समस्त बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया और एसडीएम बनसिंह नेताम से जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने राहत शिविर पहुंचकर प्रभावितों से की चर्चा की और उपलब्ध व्यवस्थाओं का संज्ञान लिया। उन्होंने राहत केंद्र में पहुंचे लोगों के लिए संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा की राहत केंद्र में लोगों प्रभिवतों को किसी प्रकार की समस्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान एएसपी, चंदेल, सचिंद्र चौबे भी उपस्थित रहे। ज्ञात हो की विगत दिवस उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने सुकमा जिले के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का मुआयना कर कलेक्टर एवं एसपी को समस्त आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया था।



## एक नजर

# राष्ट्रपति प्रत्याशी मुर्मू को वोट करने भाजपाइयों ने की भेंट

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



भारत के 15 वें राष्ट्रपति के रूप में भारतीय जनता पार्टी एवं सहयोगी गठबंधन द्वारा जनजाति वर्ग के राष्ट्रपति प्रत्याशी के लिए द्रोपती मुर्मू को प्रत्याशी बनाया गया है। मुर्मू जनजाति समाज की अस्मिता की आवाज है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं पूरी टीम के दूरगामी फैसले से पूरे देश जनजाति समाज गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इसी क्रम में महासमुन्द सांसद चुनीलाल साहू भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रिखीराम के साथ पूरी टीम महासमुन्द विधानसभा के विधायक विनोद सेवनलाल चन्द्राकर के निवास में सौजन्य भेंटकर राष्ट्रपति प्रत्याशी द्रोपती मुर्मू को वोट करने के लिए आग्रह किया गया। साथ में जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा, महासमुंद विधानसभा के चारों मण्डल अध्यक्ष महासमुंद शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, महासमुंद ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष श्याम सावरकर, तुमगांव, सिरपुर मण्डल अध्यक्ष पप्पू पटेल, झलप परेवा मण्डल अध्यक्ष धरम पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेत्री निरंजना शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कौशिल्या बंसल, पूर्व युवा आयोग सदस्य प्रशान्त श्रीवास्तव, मण्डल महामंत्रीगण प्रकाश शर्मा, मनोष बंसल, दिनेश रूपरेला, सुधा साहू, सुरेखा कवर, नरेश नायक तथा भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चोरी की बाइक खरीदी बिक्री, 2 गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की 5 बाइक जब्त

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

झलप बस स्टैंड में चोरी की मोटरसाइकिल बिक्री की फिराक में घूम रहे एक व्यक्ति को पटेवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिल खरोदने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरों को 5 नग मोटरसाइकिल जब्त की गई जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना प्रभारी गोपाल धुर्वे को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की बाइक क्रमांक सीजी 10 ईके 8902 को बेचने झलप बस स्टैण्ड में ग्राहक को तलाश कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बस स्टैण्ड में दबिश दी। जहां एक व्यक्ति उक्त सौदग्ध बाइक को खड़ा कर उसमें बैठे मिला। पूछताछ करने अपना नाम भेजरोडोह निवास 32, बताया। रेल्वे स्टेशन रायपुर शराब दुकान के पास बाइक चोरी कर अपने पास रखना अन्य 4 नग बाइक तुरतुरिया मेला और पलारी थाना क्षेत्र के आसपास चोरी कर ग्राम जिंदौली के घनश्याम जोगी के पास बिक्री करना बताया। आरोपी विमल जांगड़े के कब्जे से नग बाइक और विक्रों को रकम साढ़े 16 हजार रुपए जब्त किया गया। इसी प्रकार आरोपी घनश्याम जोगो के कब्जे से होण्डा साईन क्रमांक सोजी 04 फेई 6447, फोनेक्स 125 क्रमांक सीजी 06 एनई 9815, होरो स्प्लेंडर प्रो गोल्डन रंग बिना नंबर और हीरो एचएफ डिलक्स सीजी 04 आईएम 4115 को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 41;1.4, व धारा 379, 411 के तहत कार्रवाई को गई। कार्रवाई में निरीक्षक गोपाल धुर्वे थाना प्रभारी पड़ेवर ज निरीक्षक संजय राजपूत प्रभारी साइबर सेल सहायक उप निरीक्षक जम्मू कुमार साहू सहायक उप निरीक्षक चन्द्रा प्रकाश नंद आरक्षक मुकेश चंद्राकर चम्पेर ठाकुर कामता आहे अन करण देवदास शामिल रहे।

## प्रताड़ना से पत्नी ने की थी खुदकुशी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पति की प्रताड़ना से परेशान पत्नी ने खुदकुशी की थी। इस बात का खुलासा पुलिस की जांच के बाद हुआ है। पुलिस ने मामले में पति के खिलाफधारा 306 के तहत जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा का है। पुलिस के मुताबिक सिरको निवासी स्वाति चौहान का विवाह वर्ष 2018 में ग्राम पिरदा के तेजकुमार चौहान के साथ हुआ था। शादी के 3 माह बाद पति तेज कुमार शराब सेवन कर स्वाति से मारपीट, गला दबाना और आएदिन विवाद कर परेशान करता था। पत्नी स्वाति ने 10 अगस्त 2020 को घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। पुलिस के मुताबिक घटना के दिन सुबह 8 बजे स्वाति का ससुर, पत्नी शांति बाई, मां माथामोती और दोनों पुत्र तेज कुमारए संजय के साथ काम करने खेत गए थे।

# साहू समाज युवा प्रकोष्ठ ने कर्मा सदन में किया सफाई एवं पौधरोपण



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

साहू समाज के जिलाध्यक्ष धरम दास साहू के मार्गदर्शन पर जिलायुवाप्रकोष्ठ अध्यक्ष आनंद साहू के नेतृत्व में साहू समाज के सदस्यों ने माता कर्मा सदन बीटी आई रोड महासमुंद के परिसर को साफ -सफ ई किया। सफाई अभियान में संभाग अध्यक्ष पवन साहू के साथ संभाग एवं जिला के कार्यकारिणी ने माता कर्मा सदन में पौधा रोपण किया। बम्हनी से जल लेकर सिरपुर जा रहे बालोद बाजार के कांवरियों को चाय.नाश्ता कराकर सेवा किया गया। साहू समाज युवाप्रकोष्ठ ने सफ ाई अभियान के अगले चरण में समाज जनो को अधिक से अधिक उपस्थित होने की अपील की है। सफ ाई अभियान में रिखी राम साहू, कैलाश साहू,विकास साहू,अनिल साहू, जितेन्द्र साहू, मनीष साहू, अजय साहू, दिनेश साहू, राहुल साहू, नन्द कुमार साहू, रायपुर संभाग से दिवाकर साहू, दिलीप साहू, सुमीत साहू,रामेश्वर साहू,द्वारका साहू,नीलू साहू उपस्थित रहे।



# वर्षों पुराना सपना अब होगा साकार, दुब्बाटोटा मत्स्य हेचरी में स्पॉन उत्पादन प्रारंभ

### पहली खेप में 20 लाख मछली स्पॉन का उत्पादन कर संवर्धन किया जा रहा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

**सफलता की कहानी**



**लगभग 25 दिनों में बिक्री के लिए हो जायेंगे तैयार**

जिले के मत्स्य पालकों को जिस दिन का इंतजार था। शासन प्रशासन के जुझारू प्रयासों की बदौलत अब वो दिन दूर नही। सुकमा जिले का लगभग 17 वर्षों से मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने का सपना अब दुब्बाटोटा मत्स्य हेचरी में साकार होगा। दुब्बाटोटा मत्स्य हेचरी में मछली बीज स्पॉन की पहली खेप के साथ यहां उत्पादन प्रारंभ हो चुका है। जिसके साथ अब जिले के मत्स्य पालकों के बरसों पुराने दिन लौट आयेंगे। पहली खेप के रूप में हेचरी में 20 लाख स्पॉन का उत्पादन हुआ है। जिनका संवर्धन किया जा रहा है। लगभग 25 दिनों में यह स्पॉन विकसित हो जाएंगे और मत्स्य पालकों को बिक्री किए जाने के लिए तैयार होंगे। अब तक मछली उत्पादन हेतु बीज के लिए सीमावर्ती राज्य ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलांगना पर निर्भर रहना पड़ता था। दुब्बाटोटा मत्स्य हेचरी में उत्पादन से मछली बीज के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता पूर्ण रूप से बंद हो जाएगी। जिले भर में मत्स्य हेचरी से बीज लेकर ग्रामीण मछलियों का उत्पादन करेंगे और इसका क्रय.विक्रय होने पर ग्रामीण आर्थिक रुप से सशक्त बनेंगे। जिलेवासियों को स्थानीय स्तर पर ही ताजी मछलियां उपलब्ध होंगी।

### सलवा जुडुम के दौरान बंद हुआ मत्स्य प्रसंस्करण केंद्र, पुनः जिले को बनाएगा आत्मनिर्भर

सलवा जुडुम के दौरान जिले में नक्सल प्रभाव अपने चरम पर था। जिसमें कई शालाएं आश्रम, भवन, घर सबकुछ तबाह हुआ। ग्रामीणों के जिविकोपार्जन के साधन भी उन्हे विवशता पूर्ण त्याग करना पड़ा था। इस हिंसा का शिकार दुब्बोटोटा स्थित मत्स्य प्रसंस्करण केन्द्र भी रहा। जहां 90 के दशक से मत्स्य उत्पादन कर मत्स्य पालकों का घर चलता था। मत्स्य पालन के प्रसिद्ध दुब्बाटोटा में नक्सल गतिविधियों के कारण वर्ष 2006 में मत्स्य उत्पादन का यह केंद्र पूर्णत: बंद हो गया। आदिवासी अंचलों का विकास और उनके निवासियों को आर्थिक संवर्धन प्रदान करना शासन की प्राथमिकता है, और इसी का नतीजा है की इतने लंबे समय से बंद पड़े मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का जीर्णोधार किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरुप, उद्योग मंत्री कवासी लखमा के मार्गदर्शन में प्रशासन द्वारा द्रुत गति से इस मत्स्य प्रसंस्करण केन्द्र का जिर्णोद्धार किया गया। आज मत्स्य हेचरी में मत्स्य बीज स्पॉन का उत्पादन भी प्रारंभ हो गया है। जिससे एक बार पुन: दुब्बाटोटा गांव अपने पुराने स्वरुप में लौट आया है। अब दुब्बाटोटा के ग्रामीणों के जीवन में बदलाव निश्चित है।



# सत्ता बदली चेहरे बदले हालात जस के तस

## प्रसव पीड़ा से कराह रही गर्भवती महिला को खाट के सहारे गांव के युवाओं ने नदी पार कराया

जोहार छत्तीसगढ़ – कोरबा।



सत्ता बदली, चेहरे बदले, लेकिन हालात आज तक वैसे के वैसे हैं। कोरबा में कई विकासखंड आज भी ऐसे हैं। जहां आम जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है पोड़ी उपरोड़ा तहसील के ग्राम कर्री तुलबुल पंचायत से ऐसी तस्वीर सामने आई, जिसने सारे सरकारी दावों की पोल खोलकर रख दी है। इन इलाकों में जनता के लिए भले ही कई योजना लागू की गई हो, लेकिन शासन-प्रशासन की लापरवाही आए दिन देखने को मिल जाती है। प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में विकाश को लेकर कई दावे करती है। लेकिन इन इलाकों ने परिवहन व स्वास्थ्य सुविधाओं का ही सबसे बुरा हाल है। शनिवार को को कर्री तुलबुल, गांव में एक महिला को प्रसव पीड़ा हुई। लेकिन एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल सकी महिला को बम्हनी नदी पार करके 112 तक पहुंचाया गया। नदी पर पुल नहीं होने के कारण 112 नदी के उस पार नहीं जा सकती थी। लिहाजा ग्रामीणों ने गर्भवति महिला को खाट पर लाद कर नदी पार कराया। इस दौरान 112 के कर्मचारियों की तत्परता भी देखने को मिली 112 को कॉल करने पर तत्काल मौके पर पहुंची। तब जाकर महिला को अस्पताल पहुंचाया जा सका।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

### ग्रामीणों ने की पुल बनाने की मांग

*कोरबा के पसान क्षेत्र में कई ऐसे गांव है जहां स्वास्थ्य कर्मी पहुंचते ही नहीं ग्रामीणों का कहना है कि उनका गांव जिला मुख्यालय से करीब 100 से 120 किलोमीटर दूर है। वहीं पसान अस्पताल के लिए 5 किलोमीटर के दूरी तय करनी पड़ती है। बारिश के समय हालात और भी बदतर हो जाते हैं, मरीजों को नाव के सहारे नदी पार करनी पड़ती है। रात के समय नाव की सुविधा भी नहीं मिल पाती है। ग्रामीणों ने नदी पर जल्द से जल्द पुल बनाने की मांग सरकार से की है।*

## गमछा पहनाकर कांग्रेस पार्टी में युवाओं का किया स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।



ग्राम गोपालपुर में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के जनसंपर्क अभियान के तहत युवाओं ने कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश किया। संसदीय सचिव चंद्राकर ने सभी युवा साथियों को गमछा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। शनिवार को तुंहर विधायक तुंहर द्वार अभियान के तहत संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ग्राम गोपालपुर में जनसंपर्क करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान युवाओं ने कांग्रेस की नीतियों व क्षेत्र में विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश की इच्छा जाहिर की। बाद इसके संसदीय सचिव चंद्राकर के समक्ष युवाओं ने कांग्रेस प्रवेश किया। जिसमें विजय निषाद, योगेश यादव, नारायण निषाद, डायमंड निषाद, योगेन्द्र निषाद, विष्णु यादव, रितेश यादव, नोहर निषाद, इन्द्रकुमार निषाद, सोमनाथ निषाद, राम कुमार, लिलाधर निषाद, गौतम साहू, गजेंद्र निषाद,भेखलाल निषाद, तरेन्द्र निषाद, सुमित्रा साहू, सुनिता यादव, मेनका निषाद, उषा निषाद, यशोदा निषाद, कांति निषाद, रेखा निषाद मालती निषाद, बुधेश्वरी निषाद आदि शामिल हैं। सभी युवाओं को गमछा पहनाकर संसदीय सचिव चंद्राकर ने पार्टी में स्वागत किया।

## वनांचल क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रहा आरोग्य हॉस्पिटल'

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।




चिकित्सा के क्षेत्र में आरोग्य हॉस्पिटल एक एक पायदान आगे बढ़ते जा रहा है। वनांचल क्षेत्र धरमजयगढ़ के लिए यह आरोग्य हॉस्पिटल लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। जहां योग्य चिकित्सक के साथ साथ लैब, मेडिकल स्टोर सहित अनेक तरह की सुविधा उपलब्ध है।

जहां दूर-दूर से मरीज इलाज कराने आते हैं। बहुत बड़े क्षेत्रफल में फैले धरमजयगढ़ में चिकित्सा के लिए निजी अस्पताल नहीं है। आरोग्य हॉस्पिटल ही एक मात्र निजी अस्पताल है। पुराने ग्रामीण बैंक विश्राम गृह धरमजयगढ़ के सामने यह हॉस्पिटल संचालित है। जहां 24 घण्टा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है। बता दें कि पहले छोटी छोटी बीमारी के इलाज के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता था, लेकिन अब आरोग्य हॉस्पिटल में चिकित्सा सुविधा मिलने लगी है। जहां ओपीडी के साथ-साथ मरीज को भर्ती करने की व्यवस्था है। डॉक्टर हेमंत राठिया अस्थि रोग विशेषज्ञ द्वारा संचालित इस हॉस्पिटल में अनेक डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिससे क्षेत्र के मरीजों को अच्छी चिकित्सा मिल सके।

## भाजपा अजजा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने विधायक लालजीत राठिया से द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मांगा समर्थन

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

आगामी दिनों राष्ट्रपति का चुनाव होना है। जिसमें एनडीए गठबंधन ने आदिवासी समुदाय की महिला द्रोपदी मुर्मू को अपना उम्मीदवार बनाया है। यदि द्रोपदी मुर्मू जीत हासिल करती हैं तो पहली आदिवासी एवं दूसरी महिला राष्ट्रपति होंगी।



द्रोपदी मुर्मू के समर्थन में पूरे देश में समर्थन जुटाया जा रहा। आदिवासी समुदाय इसे अपना गर्व महसूस कर रही है कि कोई आदिवासी महिला देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होगी। इसी कड़ी विधानसभा क्षेत्र धरमजयगढ़ के भाजपा अनुसूचित जनजाति वर्ग के कार्यकर्ताओं ने विधायक लालजीत सिंह राठिया से भेंट कर आवेदन सौंपा। जिसमें राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू के पक्ष में समर्थन करने आग्रह किया गया है। एनडीए गठबंधन के अलावा अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी मुर्मू को समर्थन दिया है। छत्तीसगढ़ में भी जेजेसी एवं बसपा पार्टी ने भी द्रोपदी मुर्मू को समर्थन देने की घोषणा की है। भेंट के दौरान भाजपा अजजा कार्यकर्ता, राधेश्याम राठिया, हरिश्चंद्र राठिया, तारासिंह राठिया, संतोष राठिया, रजनी राठिया, रामनाथ बैगा, श्रीकांत राठिया, तोष सिंह, नृपलाल राठिया, संतराम राठिया, मयाराम, चंद्रसेन मुकेश राठिया, मण्डल अध्यक्ष संजय गुप्ता, दयाल साना सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष में विप्र फउंडेशन संस्कार पब्लिक स्कूल के द्वारा सम्मानित हुई प्रमिला जांगड़े

जोहार छत्तीसगढ़–पत्थलगांव।



गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में शिक्षक सम्मान अलंकरण समारोह का आयोजन रायगढ़ जिले के संस्कार पब्लिक स्कूल मे भव्य आयोजन किया गया जिसमें जिले के 9 ब्लॉक के चुनिंदा लगभग 200 शिक्षक शिक्षिकाओं को शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मान किया गया। जिसमें धर्मजयगढ़ ब्लॉक के सोनपुर संकुल से प्राथमिक शाला ठाकुरनगर जोबी के प्रमिला एवं बौराहाडांड से सुरेंद्र ढंगसेना को ज्ञान सरिता निर्मल अमृतधारा व नवाचार की स्नेहिल सुधा से संपूर्ण समाज व शिक्षा जगत को सिंचित व स्पंदित कर शिक्षा जगत में भागीरथी प्रयास करने हेतु अतुल्य योगदान देने प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। जिसके आयोजक संस्कार पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर के द्वारा किया गया जिसमें रायगढ़ जिले के 9 ब्लॉक के चुनिंदा शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी आरपी आदित्य के गरिमामय उपस्थिति में सम्मानित कर उत्कृष्ट नवाचार करने एवं शिक्षा जगत में रोचक कार्य करने हेतु सम्मानित किए गए।

## सीएमएचओ ने किया नि:शुल्क बूस्टर डोज हेतु प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।






राज्य सरकार के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर बेमेतरा के आदेश परिपालन पर कोविड-19 के बचाव हेतु जिला बेमेतरा में जिला प्रशासन की ओर से वृहद टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिले को कोविड-19 मुक्त रखने हेतु 18 वर्ष से अधिक व्यक्तियों को बूस्टर डोज शतप्रतिशत टीकाकरण आवश्यक है इसी क्रम में लोगों में टीकाकरण अभियान नि:शुल्क बूस्टर डोज लगवाने की जानकारी हेतु जागरूकता रथ अभियान की प्रचार-प्रसार करने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो कि बेमेतरा जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घूम घूम कर लोगो को बेमेतरा जिले में चलाए जा रहे कोविड टीकाकरण अभियान की जानकारी के साथ टीकाकरण के लिए जागरूक करेगी।

## भाजपाईयों ने चक्रधर सिंह सिदार से द्रोपति मुर्मू के समर्थन में मतदान करने का आग्रह किया

जोहार छत्तीसगढ़–लैलूंगा।

एनडीए की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू के समर्थन में मतदान हेतु आग्रह करने के लिए लैलूंगा विधान सभा की पूर्व विधायक सुनीति राठिया के मार्ग दर्शन में भारत के लोक तांत्रिक इतिहास में पहली बार यह स्वर्णिम अवसर आ रहा है कि जब आदिवासी जनजातीय वर्ग के महिला सदस्य को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है।



यह पल संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के समता मूलक समाज के स्वप्न के सकार होने जैसा है । जो कि आपको विदीत है कि आगामी 18 जुलाई 2022 को भारत के राष्ट्रपति का चुनाव होने की तिथि नियत की गई है । राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जन तांत्रिक गठबंधन एनडीए की ओर से श्रीमति द्रोपति मुर्मू को उम्मीदवार बनाया गया है । उन्हें वाईएसआर कांग्रेस, बीजू जनता दल, शिव सेना सहित कई अन्य ऐसे राजनितिक दलों का भी समर्थन मिला है । जो कि एनडीए के सदस्य नहीं हैं। यह समर्थन इस बात को रेखांकित करता है कि हमारा संविधान सभी के प्रतिनिधित्व की अप्रतिम व्यवस्था करता है। आज विभिन्न दलों ने समर्थन देने का जो फैसला किया है। यह श्रीमति द्रोपति मुर्मू को जन जातीय समाज से आने वाली देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति होने के गौरव से सुशोभित करेगा। समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधि के रूप में छत्तीसगढ़ के सभी सांसदों और विधायकों से आगामी 18 जुलाई 2022 को होने वाले मतदान में अपनी अंतरात्मा की आवाज से श्रीमति द्रोपति मुर्मू को अपना अमूल्य मत देने का आग्रह किया गया है। जहां देश की पहली जन जातीय आदिवासी महिला राष्ट्रपति देने का गौरव प्रदान करने का आह्वान किया गया है। पूर्व विधायक सुनिती राठिया, रमेश पटनायक, शांता साय, स्नेहलता सिदार, शांता भगत, रीना भगत, आरके साय, माद्री राम सिदार, संपत लाल भगत, महेश उराँव, शिवप्रकाश भगत, संतोष यादव, अशोक पटेल आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने लैलूंगा के विधायक चक्रधर सिंह सिदार के निवास गृह कटकलिया जाकर व्होट करने का आग्रह किया।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ी गाना की शूटिंग ग्राम चक्रवाय, अमलडीहा एवं सेमरियाघाट में हुआ

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



हमारे बीच युवा साथी उभरते कलाकार नये गीतकार गायक रमेश कुमार रसियार के आने वाले छत्तीसगढ़ी गाना बोल-पथरा फोरइय्या किसान संगी, जय हो तोर जांगर के की शूटिंग ग्राम चक्रवाय अमलडीहा, सेमरियाघाट में हुआ। जो बहुत ही सेंसेटिव अर्थ विशेष महत्व को परिपूर्ण करती है। गाना खेती किसानों के संबंध और हमारी छतीसगढ़ के किसानी परम्परागत व परिवेश को लिया गया है। और पूरे गाने का फिल्मांकन खेतों में मनोरम दृश्य को लिया गया है जहां हल,बैल के साथ फिल्मांकन किया गया है। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अभिनेता एवं कोरियोग्राफ र अमित बर्मन के द्वारा बेहद ही गजब अंदाज में कोरियो ग्राफी किया गया हैं। ब्वायस ग्रुप में जिसमें मनीष देवांगन, चंद्रकुमार उर्फबबलू, राजपूत, मणीशंकर दिवाकर,सेलाराम पाल व गर्ल्स ग्रुप में आयशा, पूजा, नम्रता कीर्ति दास, मैना, अभिनय करते दिखेंगे के द्वारा अभिनय किया गया है। बहुत जल्द गाना आनलाईन प्लेटफारम यू टयूब में रिलीज होगा। और सभी साथियों ने बहुत-बहुत हार्दिक बधाई दी और सभी सदस्य ने कहा ईश्वर से कामना करते हैं कि रमेश कुमार रसियार का नाम और गीत सर्वश्रेष्ठ बहुचर्चित हो बहुत ही जल्दी एक पहचान ख्याति प्राप्त हो ऐसी कामना की मणीशंकर दिवाकर व अन्य सभी साथियो ने शुभकामनाएं और अग्रिम बधाई दिये इस विशेष कार्यक्रम में चंद्रकुमार उर्फ बबलू राजपूत चक्रवाय वाले का विशेष सहयोग जो धन्यवाद के पात्र हैं वही एक ओर सूटिंग देखने ग्रामिणों का जिसमें महिला, पुरूष, बच्चों का भीड़ दिनभर डटे रहे उक्त जानकारी मणीशंकर दिवाकर ने दी।

### भालू ने किया हमला महिला बुरी तरह घायल

जोहार छत्तीसगढ़–सीतापुर।

सीएससी सीतापुर में प्राथमिक उपचार के बाद किया जा रहा है अंबिकापुर रिफर आपको बता दें मामला करिया सूर का है जहां की 40 वर्षीय महिला विमला पास के ही जंगल में पुटू उठाने गई थी। मामला तकरीबन 11 बजे का है जहां पर एक भालू ने उसके ऊपर बुरी तरह से हमला कर दिया। जिससे महिला को काफी गंभीर चोटें आई हैं उसका एक पैर टूट गया है और शरीर में जख्मों के निशान है तथा सिर में काफी गंभीर चोट लगी है।108 की मदद से उसको सीतापुर से ऐसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर रेफर कर दिया है। वहीं वन विभाग के कर्मचारी ने बताया कि घायल महिला को तत्काल सहायता राशि के रूप में 5000 प्रदान किया गया है तथा उसके इलाज का समुचित खर्चा वन विभाग के द्वारा वहन किया जाएगा।

### संसदीय सचिव की पहल पर 1900 मीट्रिक टन खाद की रैक पहुंची

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

क्षेत्र के किसानों को जल्द ही डीएपी खाद मिल सकेगी। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर आज रविवार को डीएपी खाद की रैक रायपुर पहुंची। संभवत: आज देर रात तक रैक के बेलसोंडा पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। बाद इसके खाद का भंडारण समितियों में किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से किसानों को डीएपी खाद के लिए भटकना पड़ रहा था। किसानों को डीएपी खाद भंडारण होने का बेसब्री से इंतजार था। क्योंकि खरीफ सीजन की शुरूआत हो गई है और किसान अपनी खेतों में नर्सरी लगाने की तैयारी में थे। डीएपी खाद की किल्लत होने की जानकारी मिलने पर संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने शासन का ध्यानाकर्षित कराया था। बाद इसके प्रदेश के कुछ चुनिंदा जिलों में डीएपी खाद की आपूर्ति की जा रही है। जिसमें महासमुंद जिला भी शामिल हैं। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने रविवार को इस सिलसिले में डीएमओ राहुल कुमार से जानकारी ली। जिस पर डीएमओ राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के लिए 1900 मीट्रिक टन डीएपी खाद की रैक आज रविवार को रायपुर में लगी है। संभावना है कि आज रविवार की देर रात या फिर सुबह तक खाद की रैक बेलसोंडा में लग जाएगी। जहां से गोदाम के माध्यम से सोसाइटियों तक आपूर्ति कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि डीएपी खाद प्रदेश के कुछ ही जिलों में आपूर्ति की गई है।

### कपड़ा दुकान का ताला तोड़ 95 हजार की चोरी

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुखरीडवरी के एक कपड़ा दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने 95 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। प्रकाश ध्रुव ने पुलिस को बताया कि गांव के सड़क किनारे प्रिया कलेक्शन के नाम से कपड़े की दुकान है। बीते 6 जुलाई की रात करीब 09 बजे वह कपड़ा दुकान में ताला लगाकर अपने घर चला गया। दूसरे दिन सुबह करीब 06 बजे उनके पिता टहलने के लिये दुकान की तरफ गए तो देखा कि दुकान का ताला नहीं था और दुकान का आधा शटर खुला हुआ था। तब उन्होंने घर आकर उसे बताया। वह सरपंच और पंच के साथ अपनी दुकान के पास गया। वहां देखा कि दुकान का सामान इधर.उधर बिखरा हुआ तथा दुकान का आधा शटर खुला हुआ था। तब उसने बिल मिलान किया तो पता चला कि दुकान में रखे कपड़ा का सामान शर्ट 60 नग, टी शर्ट 100 नग, लोवर 24 नग, बरमुड़ा 40 नग, कुर्ती 30 नग, जोन्स पैंट 80 नग, बाबा सूट 48 नग, साड़ी 110 नग, फ्रॉक 48 नग कुल कीमत करीब 95 हजार रुपए। का सामान नहीं था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### कांग्रेस सरकार में आपसी खींचतान से जनता प्रभावित - बाफना

**जगदलपुर** । सरकार में सबसे वरिष्ठ मंत्री टी.एस. सिंहदेव के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय से इस्तीफके बाद यह साफहो चुका है कि, बीते चार वर्षों से कॉग्रेस नेतृत्व की सरकार में आंतरिक खींचतान जारी है और इसका असर राज्य के कामकाज पर भी पड़ रहा है। जिसे लेकर भाजपा के पूर्व विधायक संतोष बाफ्ना ने बयान जारी कर कहा है कि, चार साल पहले कॉग्रेस पार्टी का एकमात्र उद्देश्य सत्ता पर काबिज होना था। और इनकी सरकार बनने के बाद से ही यह वर्तमान कॉग्रेस सरकार सत्ता के नशे में बदहवास हो चुकी है। और विकास की झूठी कहानियां गढ़कर प्रदेश की जनता को केवल ठगने का कार्य रही है। कॉग्रेस के मंत्री के कबूलनामे से स्पष्ट हो चुका है कि, इनकी सरकार में जनहित के निर्णयों में देरी के साथ तमाम विकास योजनाएं भी ठप्प हैं। सरकारी मशीनरी निष्क्रिय भूमिका में है। और पिछले चार सालों से लगातार अपनी नकामिया छिपाने के लिए केन्द्र सरकार पर राज्य को फंड नहीं देने की झूठी कहानियां गढ़ने का केवल दौर चल रहा है। इस सरकार के पास विकास कार्यों के लिए न तो कोई नीति है और न ही इनकी नियत। मौजूदा सरकार का कोई नया काम नहीं दिखाई दे रहा है।



# रेणु कौशल की सिज़लिंग बिकनी तस्वीरों से इंटरनेट पर हलचल

रेणु कौशल की हॉट बिकिनी फोटो इंटरनेट पर वायरल हो गई है। बहुरंगी नाजुक बिकिनी में बॉलीवुड अभिनेत्री बेहद खूबसूरत लग रही हैं। बिकनी पर रचनात्मक प्रिंट बाहर खड़े हैं और मॉडल को और अधिक आकर्षक बनाते हैं। अभिनेत्री ने बिकनी में अपने टोंड कर्व्स दिखाते हुए अपनी एक नई तस्वीर अपलोड की। यह फोटोशूट उनके फैंस के बीच तहलका मचा रहा है और साथ ही वह अपना खूबसूरत टैटू भी दिखा रही है। उनका इंस्टाग्राम कमेंट सेक्शन उनके प्रशंसकों द्वारा आकर्षक टिप्पणियों से भरा हुआ है। उनके अनुयायियों की प्रशंसा और प्रशंसा ने उनका ध्यान और कृतज्ञता दोनों को आकर्षित किया। रेणु कौशल को वर्ल्ड सुपर मॉडल इंडिया 2017 (वयस्क श्रेणी) और मिस इंडिया इंटरनेशनल 2019 का ताज पहनाया गया था। हॉट ब्यूटी कई फैशन पत्रिकाओं की कवर गर्ल है। वह कई पंजाबी और हिंदी संगीत वीडियो में भी दिखाई दीं।

# सैयामी के लिए फाड़ू में काम करना कई मायनों में सीखने लायक था



बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर जल्द ही अश्विनी अय्यर तिवारी द्वारा निर्देशित ओटीटी सीरीज फाडू में नजर आएंगी। उन्होंने साझा किया कि सीरीज में काम करने से एक अभिनेत्री के रूप में उनके कौशल के भंडार में बहुत कुछ जुड़ गया है। सैयामी कहती हैं, फाडू जैसी सीरीज में काम करने से एक अभिनेता के लिए न केवल पर्दे पर एक कलाकार के रूप में, बल्कि एक इंसान के रूप में भी क्षितिज को व्यापक बनाने में मदद मिल सकती है।

सिनेमाई कला और संस्कृति में सराबोर इस फिल्म ने निश्चित रूप से मुझे अभिनय के शिल्प को बेहतर बनाने के अलावा और भी बहुत कुछ सीखने में मदद की। अभिनेत्री ने आगे कहा कि वह हमेशा अश्विनी के साथ काम करने की इच्छा रखती थीं, जो सोनी लिव की सीरीज के साथ अपने डिजिटल निर्देशन की शुरुआत करती है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा अश्विनी अय्यर तिवारी जैसे निर्देशक के साथ काम करना चाहती थी, जिसमें फिल्म निर्माण और ध्यान केंद्रित करने की उनकी एक सीमा थी। इस अवसर के लिए बहुत आभारी हूं और मैं यह सुनिश्चित करने जा रही हूं कि मैं इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ काम करूंगी। फाडू में थप्पड़ के अभिनेता पावेल गुलाटी भी हैं। इसमें दो अलग-अलग सोच वाले पात्रों के बीच गहन काव्यात्मक प्रेम की कहानी है। यह सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनीलिव पर रिलीज होगी। इस बीच, सैयामी स्पोर्ट्स ड्रामा घूमर में भी दिखाई देंगी, जिसका निर्देशन आर. बाल्की कर रहे हैं। यह फिल्म सैयामी को उनके ब्रीद : इनटू द शैडो के सह-अभिनेता अभिषेक बच्चन के साथ फिर से जोड़ेगी।

# जयम रवि ने पोन्नियिन सेलवन में राजा चोल की भूमिका के लिए मणिरत्नम को दिया धन्यवाद



निर्देशक मणिरत्नम की बहुप्रतीक्षित कृति पोन्नियिन सेलवन में राजकुमार अरुल मोझी वर्मन की भूमिका निभाने वाले अभिनेता जयम रवि ने अपनी भूमिका को लेकर निर्देशक मणिरत्नम का धन्यवाद दिया है। लाइका प्रोडक्शंस और मद्रास टॉकीज ने पोन्नियिन सेलवन के रूप में फिल्म में अपना पहला लुक ट्वीट करने के तुरंत बाद ट्विटर पर लेते हुए, जयम रवि ने अपनी टाइमलाइन पर तस्वीर को ट्वीट करते हुए तमिल में लिखा, तमिलों का गौरव, चोलों का इतिहास, और इसमें जैसा कि अरुल मोझी वर्मन। धन्यवाद मणिरत्नम सर। इससे पहले दिन में, लाइका प्रोडक्शंस और मद्रास टॉकीज ने जयम रवि के फर्स्ट लुक पोस्टर को ट्वीट किया और कहा, स्वर्ण युग के वास्तुकार, महान राजा राजा चोलेन, पोन्नियिन सेलवन का परिचय दे रहे हैं !इससे पहले भी कई सारे लुक सामने आ चुके हैं जिसमें अभिनेता और अभिनेत्रियों की अलग अलग भूमिका है। फिल्म का टीजर शुक्रवार शाम को लॉन्च होने वाला है, इस बात की प्रोडक्शन हाउस ने घोषणा की है। फिल्म जिसका पहला भाग इस साल 30 सितंबर को रिलीज होगा, पांच भाषाओं- तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में रिलीज होगी। प्रख्यात लेखक कल्कि के क्लासिक तमिल उपन्यास पोन्नियिन सेलवन पर आधारित, यह फिल्म राजकुमार अरुलमोझी वर्मन की कहानी बताएगी, जो बाद में महान राजा राजा चोल के रूप में जाने गए।

# इंटरनेट पर छाई गुम है... सीरियल की सई, दिल थामकर देंखे तस्वीरें



टीवी के मशहूर सीरियल गुम है किसी के प्यार में में सई का किरदार निभाने वाले वाली आयशा सिंह की नई फोटोज सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं। इन फोटोज में आयशा मतलब कि आपकी प्यारी सई ने लहंगे के साथ ऐसी चोली पहनी हुई है कि लोगों की नजरें उनके डीपनेक पर जाकर अटक रही है। इन फोटोज में सई ना सिर्फ किलर लुक्स देती हुई दिखाई दे रही हैं बल्कि अपने हुस्न का ऐसा जलवा बिखेर रही है कि फोटोज देख प्रशंसक अनियंत्रित हो रहे हैं। वही नई फोटोज में सई बिना दुपट्टे के लहंगा चोली पहने हुई दिखाई दे रही हैं। फोटोज में अभिनेत्री बेहद लाइट कलर का व्हाइट एवं ब्लू कॉम्बिनेशन में लहंगा पहनी हैं। इसके साथ ही गोल्डन कलर के सीचेंस वर्क में चोली पहनी हुई है। कुछ फोटोज में अभिनेत्री चोली को कंधे पर डालकर पोज देती दिखाई दी तो किसी फोटोज में बिना दुपट्टे के किलर लुक्स देती नजर आई। वही इस लहंगे के साथ सई ने गोल्डन की जो चोली पहनी हुई है उसका डीपनेक सभी का ध्यान खींच रहा है।

## खेल

# सिंधु ने जीता सिंगापुर ओपन

पहला गेम आसानी से जीता, दूसरे में चीनी खिलाड़ी से हारीं, तीसरे में सिंधु ने मौका ही नहीं दिया

**भारत को डबल ओलिंपिक मेडल दिलाने वाली शटलर पीवी सिंधु ने सिंगापुर ओपन सुपर 500 सीरीज खिताब जीत लिया है। उन्होंने रोमांचक फाइनल में चीन की ZY वांग को 21-9, 11-21, 21-15 से हराया। यह उनका इस साल का पहला BWF-500 सुपर सीरीज टाइटल है।**




27 साल की सिंधु ने साल का तीसरा टूर टाइटल जीता है। इससे पहले हैदराबादी खिलाड़ी ने सैय्यद मोदी और स्विस ओपन जीता था। वे पिछले महीने हुए मलेशिया ओपन और मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल राउंड से हारकर बाहर हो गई थीं।

### ऐसा रहा फाइनल का रोमांच

सिंधु ने जीता पहला गेम- स्कोर 21-9 शुरुआती गेम में पीवी सिंधु पूरी तरह हावी रहीं। उन्होंने इस गेम को 21-9 के बड़े अंतर से अपने नाम कर लिया। इस गेम सिर्फ एक दफा (2-2) बराबरी पर आया। उसके बाद सिंधु ने लगातार बढ़त हासिल की।

दूसरा गेम चीनी की वापसी- 21-11 पहले गेम में मिली हार से बौखलाई चीनी स्टार प्लेयर ने जोरदार वापसी की। उसने इस गेम में सिंधु को आसपास भी नहीं रहने दिया। पूरे कॉन्टेस्ट में वे एकतरफा बढ़त पर नजर आईं। भारतीय स्टार ने कुछ अंक जरूर हासिल किए। लेकिन, वे जीत के लिए काफी नहीं। वांग की इस जीत के साथ फाइनल मुकाबला 1-1 की बराबरी पर आ गया। निर्णायक गेम में सिंधु का जोर- 21-15 अब मुकाबला बराबरी का था। तीसरा सेट जो जीतता खिताब उसका। ऐसे में सिंधु ने पहली ही रेलिंग जीतकर बढ़त ली, फिर चीनी प्लेयर को अंक मिला। गेम की शुरुआत में जोर लगाया। लेकिन, सिंधु ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए जीत हासिल किया। इस गेम के रोमांच का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि 4 बार स्कोर बराबरी पर आया। लेकिन, आखिरी में सिंधु ने बढ़त हासिल की और उसके जीत में बदला। बीच में वांग ने वापसी की नाकाम कोशिश की।

98 साल में पहली बार भारत में चेस ओलिंपियाड

# 28 जुलाई से चेन्नई में होगा दुनिया का सबसे बड़ा चेस टूर्नामेंट, 2500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे




भारत के चेस कैपिटल यानी तमिलनाडु में 28 जुलाई से होने वाले 44वें चेस ओलिंपियाड के लिए दुनियाभर के शतरंज खिलाड़ी जुटेंगे। यह ग्लोबल चेस मीट राज्य के मामलापुरम एरिया में होगी। यह क्षेत्र अपनी मूर्तियों और पल्लव वंश के राजाओं द्वारा निर्मित स्मारकों के लिए जाना जाता है।

तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण के सचिव केपी कार्तिकेयन का कहना है, 'चूंकि चीन ओलिंपियाड में हिस्सा नहीं ले रहा है और रूस को न तो मेजबानी करने और न ही हिस्सा लेने की अनुमति है। ऐसे में भारत के पास गोल्ड मेडल जीतने का सुनहरा अवसर है। इन दो दिग्गजों की अनुपस्थिति में भारत मेडल जीत सकता है। ओपनिंग सेक्शन के खिलाड़ी देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं। वे मेडल दिलाने में सक्षम हैं।' पहली बार इंटरनेशनल चेस बॉडी फीडे ने ओलिंपिक की तर्ज पर चेस ओलिंपियाड टॉर्च रिले शुरू की है।

## एक नजर

### महिला यूरो 2022: ऑस्ट्रिया क्वार्टरफाइनल में, जर्मनी से होगा सामना



**साउथेम्प्टन** । निकोल बिला के एकमात्र गोल की बदौलत ऑस्ट्रिया ने नॉर्वे को 1-0 से हराकर महिला यूरो 2022 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उसका सामना जर्मनी से होगा। इस हार के साथ नॉर्वे प्रतियोगिता से बाहर हो गया है। ग्रुप ए में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए नॉर्वे को बस एक ड्रॉ का जरूरत होती, लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो सका।

ऑस्ट्रिया ने मैच की शुरूआत बेहद आक्रामक तरीके से की, जिसका उसे फायदा भी मिला। मैच के 12वें मिनट में लौरा फेयरसिंगर के शॉट को पीटरसन ने क्रॉसबार की तरफ मारा, लेकिन नार्वे की कप्तान मारन मजेल्डे ने गेंद को दूर मार दिया।

### स्टर्लिंग और टेक्टर का शतक बेकार, न्यूजीलैंड ने आयरलैंड को 1 रन से हराया



**डबलिन।** पॉल स्टर्लिंग और हैरी टेक्टर के शानदार शतकों के बावजूद, तीन मैचों की श्रृंखला के तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में आयरलैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ एक रन से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने आयरलैंड पर 3-0 से क्लीन स्वीप किया। तीन मैचों की यह श्रृंखला काफी करीबी रही और आयरलैंड ने न्यूजीलैंड को करीबी टक्कर दी। आयरलैंड की टीम पहला मुकाबला 1 विकेट और आखिरी 1 रन से हारी। तीसरे एकदिनी में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 360 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड की तरफ से मार्टिन गप्टिल ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 115 रन बनाए, जबकि हेनरी निकोल्स ने 79 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। आयरलैंड की तरफ से जोश लिटिल ने 84 रन देकर 2 विकेट लिया।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए इंग्लिश ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को आराम

**नईदिल्ली** । इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू टी20 सीरीज में आराम दिया गया है. ये फैसला इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के टीम की वर्कलोड मैनेजमेंट नीति के अंतर्गत लिया गया है।

तमीम इकबाल ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास लिया

# वेस्टइंडीज से वनडे सीरीज जीतने के बाद किया ऐलान




बांग्लादेश के आक्रामक बल्लेबाज तमीम इकबाल ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। बांग्लादेश की वनडे टीम के कप्तान ने वेस्टइंडीज को 3 मैचों की सीरीज में उसके घर में 3-0 से हराने के बाद रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपने संन्यास की घोषणा की।

33 साल के इस टॉप ऑर्डर बैट्समैन ने रविवार को एक छोटी-सी सोशल पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे आज से टी20 इंटरनेशनल से रिटायर समझा जाए। सभी को धन्यवाद।

वे वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए थे। उन्होंने तीन मुकाबलों में 117 रन बनाए। इसमें एक फिफ्टी शामिल है।

6 महीने पहले लिया था ब्रेक

तमीम ने इस साल जनवरी में इसी प्रारूप से ब्रेक लिया था। उन्होंने उस समय कहा था कि मैं टी-20 इंटरनेशनल से 6 महीने का ब्रेक लेने जा रहा हूं। मेरा पूरा ध्यान टेस्ट और वनडे पर होगा। हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और 2023 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की तैयारी कर रहे हैं। मैं अगले छह महीनों में टी20 अंतरराष्ट्रीय के बारे में नहीं सोचूंगा।

बांग्लादेश का वेस्टइंडीज में क्लीन स्वीप

# कैरेबियंस को उनके घर में 3-0 से हराया, तैजुल इस्लाम ने चटकाए 5 विकेट




बांग्लादेश ने बड़ी सफलता हासिल की है। उसने दो बार की वर्ल्ड चैंपियन वेस्टइंडीज को वनडे सीरीज में उसी के घर में 3-0 से हराया है। तमीम इकबाल की कप्तानी में खेल रही टीम ने रविवार को आखिरी वनडे मुकाबले में मेजबानों को 4 विकेट से मात दी है। इस जीत के हीरो तैजुल इस्लाम रहे। 30 साल के इस गेंदबाज ने 28 रन देकर 5 विकेट चटकाए। लिमिटेड ओवर के दिग्गज क्रिकेटर निकोलस पूरन की कप्तानी वाली वेस्टइंडीज टीम की यह घर में करारी हार है। टीम बांग्लादेश की मेजबानी कर रही थी। उसने टेस्ट सीरीज 2-0 और टी-20 सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी। तो ऐसा लगा था कि बांग्लादेश वनडे सीरीज भी गंवा देगी। लेकिन, हुआ इसके उलटा। बांग्लादेश की टीम ने वनडे सीरीज में वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ कर दिया है। यहां बता दें कि इस सीरीज के बाद वेस्टइंडीज को 22 जुलाई से टीम इंडिया की मेजबानी करनी है। भारतीय टीम रविवार को इंग्लैंड में तीसरा वनडे खेलने के बाद पोर्ट ऑफ स्पेन के लिए रवाना हो सकती है। वहां उसे 3 वनडे और 5 टी-20 मुकाबलों की सीरीज खेलनी है।

स्मार्ट सिटी के कार्यों पर एतराज

# व्यापार विहार रोड नाला की डिजाइन गलत बोरियों से बंद करने पर तालापारा में राहत



**बिलासपुर।** भारतीय नगर के पानी की निकासी तालापारा में रोकने चौक पर बोरियां लगाकर उसे महाराणा प्रताप चौक से जवाली नाला की ओर डायवर्ट करने के चौबीस घंटे के अंदर तालापारा क्षेत्र में जल भराव से राहत का दावा किया गया है।

गुरुवार को सभापति शेख नजीरुद्दीन, एमआईसी मेंबर सीताराम जायसवाल एवं पार्षद रामा बघेल की उपस्थिति में भारतीय नगर चौक पर तालापारा की ओर से आने वाले कल्वर्ट का रुख महाराणा चौक की ओर करने नाले को बोरियों से बंद कर दिया गया था।

इसके बाद शुक्रवार और शनिवार को सुबह और शाम में बारिश हुई पर इस बीच कुम्हारपारा रोड, तैयबा चौक, गरीब नवाज मस्जिद चौक, अज्ञेय नगर, तालापारा में अपेक्षाकृत बहुत कम पानी भरने की समस्या आई। स्मार्ट रोड का नाला बनने के बाद से उक्त क्षेत्रों में तेज बारिश में व्यापक रूप से जल भराव, घरों में पानी घुसने की शिकायत आ रही थी।

सभापति का दावा है कि जो भी पानी आ रहा है, वह भारतीय नगर रोड से ओवर फ्लो होकर आ रहा है। इसलिए जल भराव से 80 फीसदी राहत मिल गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट रोड नाला के निर्माण के दौरान गलत इंजीनियरिंग की गई। जनप्रतिनिधियों की आपत्ति को नजर अंदाज किया गया। जबकि नगर निगम के इंजीनियरों ने भी कथित निर्माण का विरोध किया था, परंतु स्मार्ट सिटी ने जनभावना की अनदेखी कर दी।

### जल भराव के लिए निगम, पीडब्ल्यूडी भी जिम्मेदार

तालापारा, अज्ञेय नगर, मदर टेरेसा नगर के अतिरिक्त बारिश में जल भराव की स्थिति कई क्षेत्रों में रोज आ रही है। इसके लिए नगर निगम और पीडब्ल्यूडी भी कम जिम्मेदार नहीं है। पुलिस आफिसर मेस के सामने, अंबेडकर प्रतिमा से जेल रोड का नाला, कलेक्टर बंगला के सामने फुटपाथ, इंदू चौक से अग्रसेन चौक रोड के दोनों ओर का नाला, अभियंता भवन के सामने के नाले में ढाल नहीं है, जिसके कारण आम दिनों में भी निकासी नहीं हो पाती।

सूखे मौसम में दैनिक भास्कर ने उक्त नाले का जायजा लिया तो वहां निकासी ठप नजर आई। वीआईपी के ठहराव वाले छत्तीसगढ़ भवन के पानी की निकासी के लिए नाली का इंतजाम नहीं है। इसलिए मेन रोड और साइड रोड पर गंदा पानी जमा हो जाता है।

### बिरकोना रोड पर घुमावदार नाला

*जोन कमिश्नर सती यादव ने दैनिक भास्कर को बताया कि पीडब्ल्यूडी बिरकोना रोड पर नाला निर्माण कर रहा है। यह सीधे न होकर घुमावदार बन रहा है। जब यह निगम को हैंडओवर होगा तो जल भराव की समस्या नगर निगम के मत्थे मढ़ जाएगी। पीडब्ल्यूडी के ईई को लिखा जा रहा है कि वह त्रुटिपूर्ण निर्माण पर रोक लगाएं।*

# दुर्ग में हादसा, 2 दोस्तों की मौत

### आगे जा रहे ट्रक में घुसी तेज रफ्तार बाइक, दोनों युवकों का सिर फटा; ड्राइवर गिरफ्तार



**दुर्ग।** पाटन थाना के अरसनारा चौक के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसा बाइक के ट्रक से टकराने के चलते हुआ। बाइक चालक इतनी तेज रफ्तार में था कि आगे जा रहे ट्रक को देखकर भी स्पीड नियंत्रित नहीं कर सका और पीछे से उसमें घुस गया। टक्कर इतनी तेज थी बाइक सवार दोनों युवकों का सिर फट गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पाटन पुलिस मामले की जांच कर रही है। पाटन थाना प्रभारी शिवानंद तिवारी ने बताया कि देवादा निवासी पृथ्वीराज चंदेल (27) शनिवार शाम अपने पड़ोस में रहने वाले दोस्त अजय वर्मा (20) के साथ पाटन गया था। पाटन से दोनों लोग रात 9.30 बजे अपनी बाइक से घर देवादा लौट रहे थे। जैसे ही वो लोग अरसनारा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे अपने सामने देवादा की तरफ जा रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### घटना स्थल पर मची चीख-पुकार

बाइक चालक पृथ्वीराज और अजय दोनों का सिर फट गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस का आशंका है कि बाइक की रफ्तार काफी तेज रही होगी। रात में आगे जाते ट्रक को नहीं देख पाए होंगे। नजदीक जाने पर नियंत्रित करते इससे पहले की बाइक ट्रक के अंदर घुस गई। हादसे में दोनों युवकों के सिर फट गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। देवादा और पाटन की दूरी अधिक नहीं है।

दुर्घटना हुई कुछ ही देर में मृतकों के परिजन वहां पहुंच गए। दुर्घटना स्थल पर अपनों की लाश पड़ी देख वहां चीख-पुकार शुरू हो गई। बड़ी मुश्किल से पाटन पुलिस ने लोगों को समझाया और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्चुरी में रखवा दिया गया है। वहां रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराने क बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

**एक नजर**

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौत

### बचाने की कोशिश करते रहे, उसने तड़पकर दम तोड़ दिया; खेत जोतने के दौरान हादसा



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में रविवार सुबह ट्रैक्टर के नीचे दबकर एक किसान की मौत हो गई। किसान ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई कर रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर पलट गया। उसी के नीचे किसान भी आ गया।

इस दौरान आसपास के लोगों ने बचाने का प्रयास किया, पर उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला कटघोरा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, आमाखोखरा गांव निवासी दुहन सिह कंवर (35) पुत्र स्व. पदुम नाथ कंवर रविवार सुबह खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। इससे पहले कि दुहन उसे संभाल पाता, ट्रैक्टर पलट गया और वह उसी के नीचे दब गया। हादसा होता देख आसपास के खेत में काम कर रहे लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुहन को बचाने का प्रयास किया, पर तड़पते हुए उसने दम तोड़ दिया।

इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद शव को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कटघोरा ष्ट।॥ष्ट में भेज दिया है। हादसे के बाद दुहन के परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजन शव के लिए सीएचसी के बाहर इंतजार कर रहे हैं।

# लोकेशन चेंज- चंदा दल के 23 हाथी मुल्ले में, एक दंतैल तालगांव में



**बालोद।** एक सप्ताह तक तालगांव के जंगल व नर्सरी में रुकने के बाद शुक्रवार रात एक से दो बजे के बीच चंदा दल के 23 हाथी मुल्ले चले गए। वहीं एक दंतैल हाथी तालगांव में रहा। शनिवार को सुबह से शाम तक लोकेशन की यही स्थिति रही।

वन विभाग के अनुसार मुल्ले पहुंचकर हाथियों ने किसान किशनलाल हिरवानी के धान की फसल एवं केला को नुकसान पहुंचाया है। खेत में बनी झोपड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। एक दंतैल हाथी जो केला खाने आया था, वह तालगांव में ही रुका है।वहीं हाथियों का लोकेशन बदलने से झलमला-रानीमाई मार्ग में आवाजाही शुरू हो गई है। वन विभाग के अनुसार देर शाम तक चंदा दल के हाथियों का लोकेशन मुल्ले परिसर रहा। वहीं एक दंतैल जो तालगांव में है, वह भी दल में जल्द शामिल हो जाएगा। ऐसा अनुमान वन विभाग ने लगाया है। फसल व मकान की क्षति होने पर प्रभावित किसानों को सहायता राशि अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है।

### नुकसान पहुंचाने के बाद जंगल में पहुंच रहे

हाथियों ने मुल्ले में झोपड़ी को तोड़ दी है। चंदा दल के हाथी अधिकांश समय जंगल में ही समय गुजार रहे हैं। नुकसान पहुंचाने के बाद गांव के बजाय जंगल में पहुंच रहे हैं। आउटर क्षेत्र में बने घरों, फार्म हाउस के लोगों को ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि विचरण के दौरान ऐसे स्थानों में हाथी घुस रहे हैं।

पेशनर्स समाज अभनपुर का चार सूत्रीय मांग को लेकर धरना

# एरियर्स,राहत पेंशन मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एस. डी.एम. को ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पेशनर्स समाज अभनपुर द्वारा कर्मचारी भवन अभनपुर मे चार सूत्रीय मांगो को लेकर 1 दिवसीय धरना दिया गया, धरना प्रदर्शन पश्चात पेंशनरों के द्वारा कर्मचारी भवन से एस. डी.एम.कार्यलय तक रैली निकालकर अपनी मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एस. डी.एम. अभनपुर को ज्ञापन सौंपा गया, छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज अभनपुर के अध्यक्ष रमेश कुमार साहू व कोषाध्यक्ष नोहर राम सोनकला ने बताया है कि मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सहमति लेने देने की बाध्यता समाप्त कर अपने अपने राज्य के पेंशनरों के पेंशनरी आदेश स्वतंत्रतापूर्वक आदेश जारी करने व राज्य पुनर्गठन अधिनियम धारा 49 का नियम 6 मे थोपे गये दोनों राज्यों की सहमति लेने की प्रक्रिया को समाप्त करने, दिनांक 01-01-2006 के पूर्व सेवानिवृत्ति पेंशनरों को छटवे वेतनमान के अनुरूप 31-08-2008 तक एरियर भुगतान, दिनांक 01-01-2016 से पूर्व सेवानिवृत्ति पेंशनरों को दिनांक 31-03-2018 तक 27 माह का एरियर भुगतान एवं 34 प्रतिशत राहत पेंशन दिए जाने के लिए आदेश करने के लिए छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज रायपुर के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री के नाम एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा गया, आज धरना देने वालो मे प्रमुख रूप से रमेश कुमार साहू, नोहर राम सोनकला, भैया राम सिन्हा, सेवा राम सिन्हा, बलदाऊ सिंह ठाकुर, टी.एस.भार्गव, आनंद साहू, हृदय गिलहरे, अगनू साहू, के.सी.मिश्रा, नकुल सिन्हा, लक्ष्मी वर्मा, बी.बी.वर्मा, बालमुकुंद यदु, बिष्णु सिन्हा, बिसाहू साव, मदन साहू, मनोहर सिन्हा, चंदूलाल जैन, मन्नू साहू सहित सैकड़ों की संख्या मे पेंशनर्स उपस्थित थे,




### भाटागुड़ा स्कूल में जान जोखिम में डालकर बच्चे पढ़ने के लिए मजबूर हैं - मनोज पटेल

**जगदलपुर ।** ग्राम पंचायत घाटपदमुर अंर्तगत ग्राम भाटागुड़ा के मध्यमिक शाला भवन के छत से पानी टपकने से स्कूल भवन के छत का प्लास्टर गिरने लगा है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष ग्राम पंचायत घाटपदमुर के सरपंच-सचिव के माध्यम से पंचायत की राशि से छत की मरम्मत भी की गई थी, लेकिन स्कूल की छत से पानी टपकने और छत का प्लास्टर गिरने का सिलसिला जारी है। बारिश के दौरान शाला भवन के छत से पानी टपकने से बच्चे सीलन भरे कमरे में बैठने के लिए मजबूर हैं। भाजयुमो जिला महामंत्री मनोज पटेल का कहना है कि प्रशासन को भवन निर्माण में लापरवाही की जांच कर कार्यवाही की जानी चाहिए।



*रायपुर । राजधानी में आज कराटे खिलाड़ियों का कार्यक्रम न्यू राजेन्द्र नगर स्थित द्रोणाचार्य स्कूल में आयोजित हुआ।जिसमें काफी संख्या में छोटे बच्चों के साथ ही बड़े बच्चे भी सम्मिलित हुए।कई वर्षों से डीडी नगर में कराटे क्लास को रमेश प्रधान जी के द्वारा संचालित किया जा रहा है।बड़ी संख्या में बच्चों के पालक भी आज में इस आयोजन में उपस्थित थे।*

# गंगरेल डैम 91%भरा, 1 घंटे में खुलेंगे गेट

### गांवों को अलर्ट जारी, रायपुर-कांकेर हाईवे पर टूटकर गिरी चट्टान, आधे से ज्यादा कोंटा डूबा

**धमतरी।** महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बाद अब दक्षिण बस्तर में हो रही बारिश भी कहर बनने लगी है। नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। पहाड़ों से लगातार पानी आने के चलते धमतरी स्थित गंगरेल डैम 91 फीसदी तक भर गया है। अब से करीब एक घंटे बाद डैम को खोला जाएगा। ऐसे में महानदी के किनारों के गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। राजनांदगांव में उफनता नाला पार नहीं कर पाने के कारण एक मरीज की मौत हो गई।



धमतरी में रविवार तड़के करीब 4 बजे से मूसलाधार बारिश जारी है। इसके चलते शहर के आमापारा वार्ड में कमर तक पानी भर गया है। लोग उस भरे हुए पानी में नाव चलाकर मस्ती कर रहे हैं। शहर की सड़कों पर 2 से 3 फीट पानी भरा हुआ है। दूसरी ओर नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। नगरी क्षेत्र के कई गांवों का संपर्क मुख्यालय से टूट गया है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में जिले में डेढ़ इंच बारिश दर्ज की गई है। दूसरी ओर कांकेर में भी रात से लगातार बारिश हो रही है। इसके कारण कांकेर के साथ ही चरामा और केशकाल से लगातार पानी आने से महानदी का जल स्तर बढ़ने लगा है। गंगरेल डैम भी फुल होने की स्थिति में है। बताया जा रहा है कि 76 हजार क्यूसेक पानी आ रहा है। इसे देखते हुए रायपुर से विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है।

### वेदांता स्किल स्कूल छत्तीसगढ़ के युवाओं को बना रहा आत्मनिर्भर

**कोरबा ।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ;बालकोद्ध ने अपने कौशल विकास केंद्रोंके माध्यम से हजारों ग्रामीण युवाओं को सक्षम बना रही है, जिससे छत्तीसगढ़ में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन हो रहा है। कुशल मानव संसाधन से किसी राष्ट्र के विकास यात्रा को गति मिलती है। विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था में शामिल होने की भारत की आकांक्षाओं के लिए विकास की गति को बनाए रखने के लिए कुशल जनशक्ति की आवश्यकता है।

NSUI ने BSP में की तोड़फोड़

# भगवान शिव और हनुमान मंदिर का चबूतरा तोड़ने पर हंगामा

### बिल्डिंग के दरवाजे का कांच और गमले तोड़े



**भिलाई।** एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बीएसपी की टीए बिल्डिंग का घेराव कर तोड़फोड़ की। बीएसपी पर हनुमान व शिव मंदिर को तोड़ने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। वहां रखे गमले और दरवाजे के कांच तक तोड़ डाले। इस दौरान उन्होंने बीएसपी के अधिकारी से झूमा झटकी भी की। हंगामे के बाद दोनों पक्षों की ओर से थाने में शिकायत दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद आगे कार्रवाई करेंगे।

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि भिलाई के सेक्टर-8 में नीम व बरगद पेड़ के पास भगवान शिव व हनुमान का मंदिर है। वहां पूजा करने के लिए एक चबूतरा बनाया गया है। इस स्थल को अतिक्रमण बताते हुए बीएसपी ने तोड़ दिया। आक्रोशित एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन व नारेबाजी की। वहीं दूसरी ओर बीएसपी के ऑफिसर्स एसोसिएशन (OA) ने इस घटना की निंदा की है।

### 20 सालों से होती आ रही है पूजा

*एनएसयुआई के प्रदेश सचिव मोहनीश शर्मा का कहना है कि सेक्टर 8 में ये दोनों मंदिर आज के नहीं है। यहां पिछले 20 वर्षों से पूजा होती आ रही है। पिछले दो तीन दिन से मंदिर के चबूतरे की मरम्मत की जा रही थी। बीएसपी के इंफोर्समेंट डिपार्टमेंट ने उस चबूतरे तोड़ दिया। ऐसा करके बीएसपी ने लोगों की आस्था और जन भावना से खिलवाड़ किया है। एनएसयुआई ने भगवान के चबूतरे को दोबारा बनाने की मांग की।*

# शिक्षा और स्वास्थ्य लाभ से वंचित हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना रोटरी क्लब का अहम उद्देश्य-हमीदा सिद्दीकी

रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर की नई कार्यकारिणी हुई गठित

**बिलासपुर।** आज रोटरी क्लब आफ बिलासपुर की नवगठित कार्यकारिणी की पूरी टीम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगामी एजेंडे पर विस्तृत जानकारी साझा की जिसमे रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर के पदाधिकारियों ने विस्तृत जानकारी देते हुए भविष्य में जनहित में किये जाने वाले कार्यों के लिए रूपरेखा की जानकारी देते हुए पत्रकारों से चर्चा की रोटरी क्लब क्लब ऑफ बिलासपुर की नई कार्यकारिणी 22 23 हेतु गठित हुई है जिसकी अध्यक्ष हमीदा सिद्दीकी सचिव आशीष अग्रवाल रंजीत बाली सिटी कोऑर्डिनेटर चंचल सलूजा को अहम जिम्मेदार दी गई है। तथा नवगठित कार्यकारिणी का शपथ




ग्रहण समारोह 23 जुलाई नया बस स्टैंड स्थित मोर्टल होटल मे किया जाएगा समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर सौरभ कुमार एवं अटल बिहारी यूनिवर्सिटी के कुलपति श्री बाजपेई रहेंगे कार्यक्रम की रूप रेखा और इस भव्य आयोजन के बारे में रोटरी क्लब की अध्यक्ष श्रीमती हामिद सिद्दिकी और सचिव आशीष अग्रवाल रंजीत बाली सिटी कोऑर्डिनेटर चंचल सलूजा ने नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पूर्व की भांति सदैव समाज से पिछड़े वर्ग को मुख्यधारा में जोड़ने हेतु दृढ़ संकल्पित होने की बात कही वही प्रेस वार्ता के दौरान अध्यक्षा हामिद सिद्दीकी ने शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए पूर्व में की गई पूरी टीम के अथक प्रयासों की प्रशंसा करते अब नई टीम के बारे में विगत वर्ष से कहीं अधिक नई ऊर्जा के साथ रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर को को नया आयाम देने की बात कही।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, सोमवार 18 जुलाई 2022

# समय पर उपस्थिति और प्रकरणों पर कार्यवाही ही समस्या का समाधान-तारन प्रकाश सिन्हा

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली बैठक, कार्यों की समीक्षा और एक्टिव रहने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

**कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने आज राजस्व विभाग के कार्यों की लंबी समीक्षा की। उन्होंने जिले में राजस्व अधिकारियों एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आपका व्यवहार और कार्य कुशलता ही आपकी उपलब्धि है।**

आप मुख्यालय में उपस्थित होकर प्रतिदिन कार्यों की समीक्षा करें। प्रकरणों पर कार्यवाही करें। इससे आपके अधीनस्थ भी कार्य करेंगे और आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण भी हो जाएगा। कलेक्टर ने सख्त हिदायत दी है कि आमनगरिको को राजस्व प्रकरण के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेते हुए कलेक्टर सिन्हा ने अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, डाइवर्सन, वृक्ष कटाई हेतु प्राप्त आवेदनों का निराकरण, भूमि आबंटन, जाति, निवास,आय प्रमाणपत्र, पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दूरस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू.अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति, भू-अर्जन प्रकरणों के लंबित प्रकरणों की जानकारी की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों, अभियान चलाकर जाति प्रमाणपत्रों का निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने भू.अर्जन के प्रकरणों में समय पर मुआवजा, लम्बित प्रकरणों पर कार्यवाही, राजस्व पुस्तक परिपत्र अंतर्गत पीड़ित परिवारों की जांच कर राशि उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

### बाढ़ से बचने अलर्ट रहे



कलेक्टर ने बारिश के साथ नदी.नालों के उफान पर होने और बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर बचाव के लिए सभी को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रबंधन व राहत बचाव दल के साथ समन्वय बनाने,आसपास के गोताखोरों की सूची रखने, बोट की व्यवस्था तथा वर्षा मापी यंत्र के संबंध में निर्देश दिए।

### मुख्यालय पर पटवारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए

कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे आम जनता की समस्याओं का निराकरण करे। पटवारियों की उपस्थिति उनके मुख्यालयों में कराए और सप्ताह में एक दिन अपने कार्यालय बुलाकर जांच संबंधित प्रकरण पर प्रतिवेदन जरूर लें। कलेक्टर ने सभी को हिदायत भी दी है कि वे स्वयं दौरे पर आएंगे और प्रकरणों की जांच में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करेंगे। कलेक्टर ने काम नहीं करने वाले पटवारियों पर कार्यवाही और बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित करने के भी निर्देश दिए।

### शासन की योजनाओं को फील्ड पर जाकर देखे

कलेक्टर सिन्हा ने एसडीएम, तहसीलदारों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं को फ ील्ड पर जाकर देखे। राशन दुकानों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, अस्पतालों, आश्रम-छात्रावासों में जाए। गांव के कोटवारों से संपर्क में रहे। इससे शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में आसानी तो होगी ही साथ ही जरूरतमंदों को लाभ भी मिल पायेगा।

### कोविड नियंत्रण के लिए टीकाकरण अभियान चलाए

कलेक्टर सिन्हा ने कोविड-19 की संख्या को देखते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को सतर्क और सावधान रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अमले के साथ मिलकर 18 से अधिक उम्र वाले, दूसरे डोज नहीं लगाए लोगो के साथ बूस्टर डोज के लिए पात्र लोगो को टीकाकरण का अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कोरोना नियंत्रण के उपाय के लिए स्वच्छता, मास्क को अपनाने और जागरूकता फैलाने के भी निर्देश दिए।

### स्वामी आत्मानन्द स्कूलों की जांच के दिए निर्देश

*कलेक्टर ने जिले के स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आपूर्ति किए गए सामग्रियों की सत्यापन करने शिक्षकों और पालकों से चर्चा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिटफंड कम्पनियों से निवेशकों को राशि दिलाने की दिशा में कार्य करने के भी निर्देश दिए।*

# साहू समाज ने हरियर अभियान का जिला स्तर पर किया शुभारंभ

### विधायक छन्नी साहू ने अभियान की तारीफ की



**राजनांदगांव**- जिला साहू संघ राजनांदगांव के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा मे विगत दो वर्षो से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा जिसे हरियर अभियान नाम दिया गया है। जिलाध्यक्ष कमलकिशोर साहू के दिशानिर्देश व मार्गदर्शन मे पूरे जिले मे यह अभियान 16 जुलाई से 15 अगस्त तक चलेगा जिसमे तहसील, परिक्षेत्र व ग्राम स्तर पर हरियर अभियान के तहत अधिकाधिक वृक्षारोपण करने व उनकी सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी लेने समाज के लोगो को प्रेरित किया जाएगा। आज जिला साहू सदन मे जिला स्तरीय हरियर अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमे खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू सम्मलित होकर समाज के द्वारा पर्यावरण बचाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के लिए कमलकिशोर साहू व पूरी टीम की सराहना की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती साहू ने भी पौधारोपण किया।

# संस्कारधानी में आज निकलेगी महाकाल राजा चंद्रमोलेश्वर की भव्य पालकी

### उज्जैन की तर्ज पर शहर में होगा माहौल, तैयारियां पूर्ण

जोहार छत्तीसगढ़-राजनांदगांव।

सावन माह के प्रथम सोमवार को उज्जैन की तर्ज पर संस्कारधानी में महाकाल राजा चंद्रमोलेश्वर की भव्य पालकी दोपहर 2 बजे नंदई कुंआ चौक से निकाली जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

राजेश्वर श्री महाकाल मंदिर सिंघोला व श्री महाकाल सेना द्वारा आयोजित इस महाकाल राजा चंद्रमोलेश्वर की पालकी को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। यह पालकी नंदई कुंआ चौक से दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी। बाजे-गाजे एवं भक्तिगीत के बीच पालकी यात्रा नंदई कुंआ चौक से होते हुए गंज चौक, तिरंगा चौक, माहेश्वरी भवन, कालीमाई मंदिर, अग्रसेन भवन, श्याम कुटीर, सुरजन गली, सत्यनारायण भवन, सत्यनारायण मंदिर कामठी लाइन होते हुए भारत माता चौक, सदर बाजार, मां लक्ष्मी मंदिर होकर रामदेव मंदिर के पास समाप्त होगी।

### चार सोमवार को अलग-अलग स्थानों से निकलेगी पालकी

सावन माह के चार सोमवार को यह पालकी यात्रा अलग-अलग स्थानों से निकाली जाएगी। प्रथम सोमवार को नंदई कुंआ चौक, द्वितीय सोमवार को कालीमाई मंदिर भरकापारा, तृतीय सोमवार को हमालपारा मां लक्ष्मी मंदिर एवं चतुर्थ सोमवार को मां शीतला मंदिर सोनारपारा से यात्रा प्रारंभ होगी।

### दुर्घटनाजन्य स्थानों पर लगाये जायेंगे ट्रेफिक बेरियर

# केशकाल घाट के मोड़ों पर लाईटों की होगी व्यवस्था



**कोण्डागांव।** शुक्रवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में सांसद दीपक बैज की अध्यक्षता में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं विधायक नारायणपुर चंदन कश्यप, समिति के सचिव कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने भी भाग लिया। इस बैठक में जिले के अंतर्गत सड़क दुर्घटना के मामलों पर चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों के निरंतर आवाजाही से दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती है। ऐसे में सांसद द्वारा दुर्घटनाजन्य स्थलों (ब्लैक स्पॉट) का चुनाव कर पुलिस विभाग को इन स्थलों पर ट्रेफिक बेरियर, स्टॉपर एवं संकेतकों को लगाने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू ने बताया कि यातायात को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस विभाग के साथ मिलकर नशे में गाड़ी चलाने वालों, बिना सीट बैल्ट एवं बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसमें 1369 लोगों पर जुर्माना लगाकर 13.67 लाख रूपये वसूले गये हैं। वहीं केशकाल में स्कूल बसों एवं यात्री बसों की जांच कर मानकों के अनुसार परिचालन न करने वाले संचालकों पर जुर्माना भी लगाया गया है। सांसद द्वारा बाइपास एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के संबंध में भी चर्चा करते हुए इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर भेजने को कहा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा केशकाल घाट पर लगने वाले जामों पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके सभी मोड़ों पर लाईटों की व्यवस्था करने को निर्देशित किया साथ ही टोल नाकों पर कर्मचारियों को आम जनता के साथ दुर्व्यवहार न करने की भी हिदायत देने को कहा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीओपी भुवनेश्वरी पैंकरा, यातायात निरीक्षक रवि पाण्डे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रथम सावन सोमवार कों शिवालयों में शिव भक्त करेंगे जलाभिषेक

**जगदलपुर** । शिव भक्त सावन माह में भगवान शंकर की विशेष पूजन-अर्चना करने के लिए आज पहले सावन सोमवार के अवसर पर शिवालयों में बड़ी संख्या में पंहुचेंगे, बस्तर के शिवालयों में भगवान का अलग-अलग स्वरूपों में श्रृंगार होगा शिव भक्त भगवान के मनोहारी स्वरूप के दर्शन करेंगे।

सावन माह की शुरूआत 14 जुलाई से हो गई है, इस बार 29 दिन का श्रावण मास होगा। सावन माह का परायण रक्षा बंधन के दिन 12 अगस्त को होगा। अंचल के शिव मंदिरों में साफ-सफाई के साथ रंग-रोगन के साथ भोलेनाथ के मंदिरों को सजाया गया है, 18 जुलाई को प्रथम श्रावण सोमवार के अवसर पर शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज के साथ जलाभिषेक किया जाएगा।

जगन्नाथ मंदिर के पंडित सुभांशु पाढ़ी ने बताया कि सावन का पहला सोमवार 18 जुलाई को होगा, सावन का दूसरा सोमवार 25 जुलाई को होगा, सावन का तीसरा सोमवार 01 अगस्त को होगा, वहीं सावन का चौथा सोमवार 08 अगस्त को होगा। इसके अलावा सावन में भगवान शिव के दो विशेष प्रदोष व्रत आएंगे जो 25 जुलाई और 09 अगस्त को होगा, 25 जुलाई को सोम प्रदोष का विशेष संयोग है।

## एक नजर

# नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



नाबालिक लड़की को शादी का झांसा देकर देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार मिली जानकारी के अनुसार 15 जुलाई 2022 को प्रार्थीया नाबालिग थाना उपस्थित आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम धौंरामुड़ा थाना रतनपुर जिला बिलासपुर का रहने वाला यामेश कुमार मरकाम से पिछले 02 वर्ष से दोस्ती है और हमेशा प्रार्थीया से शादी करूंगा कहता रहा और यामेश 20 मार्च 2022 से शारीरिक शोषण करता रहा शादी की बात बोलने पर यामेश द्वारा मना किया जा रहा है। कि रिपोर्ट पर थाना रतनपुर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के थाना रतनपुर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों निर्देशन में आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल बिलासपुर दाखिल किया गया है। गिरफ्तार आरोपी यामेश कुमार मरकाम पिता सत्यनारायण मरकाम उम्र 20 वर्ष निवासी धौंरामुड़ा थाना रतनपुर जिला बिलासपुर छग।

# बाल संसद का गठन भावी नेतृत्वकर्ताओं ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



**कोण्डागांव।** शा. उ. मा. वि.जैतपुरी में शनिवार को बाल सांसद के सदस्यों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली ।उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य श्री राजकुमार रामटेके जी तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष संस्था की प्रधान अध्यापक श्रीमती हेमलता रंगारी रही ।इस भव्य आयोजन में शाला नायक के रूप में पंकज मरकाम तथा शाला नायिका के रूप में कुमारी पिंकी नेताम ने शपथ ग्रहण किया जिन्हें क्रमश प्राचार्य तथा प्रधान अध्यापक के द्वारा सपथ दिलाई गई ।विभिन्न विभाग प्रभारियों द्वारा अनुशासन मंत्री के रूप में रितेश नेताम एवम भाग्यवती कोर्राम,खेल मंत्री के रूप में लेखराज एवम हेमलता शोरी शिकायत एवम सुझाव मंत्री के रूप में शंकर शोरी एवम पूजा नेताम,स्वास्थ्य मंत्री शुभम देहारी एवम शबनम नेताम,स्वच्छता मंत्री नरेंद्र यादव एवम प्रभा देहारी बागवानी मंत्री रितेश कोर्राम एवम हेमा दीवान,वृक्षारोपण मंत्री महेंद्र देहारी एवम रीता यादव,सांस्कृतिक मंत्री तेनु बघेल एवम महिमा नेताम तथा कनिष्ठ वर्ग प्रतिनिधि तिलक कुमार कुलदीप एवम संगीता यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि राजकुमार रामटेके ने अपने संबोधन में विभिन्न बाल संसद के मंत्रियों को उनके पद की गरिमा और महत्ता का बोध करवाया कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे हेमलता रंगारी में सदस्यों से स्वयं अनुशासित रहकर विद्यार्थियों के लिए आदर्श स्थापित करने पर जोर दिया कार्यक्रम की निर्माण संकल्पना एवं निर्देशन बृजेश तिवारी योगेश खापर्डे किरण जोत बदेशा , भावना ठाकुर के द्वारा किया गया।

संगीत पक्ष उमाशंकर साहू राजेश नेताम व दुवारु नेताम द्वारा दिया गया ।साज सज्जा सैयद तोशिफ आलम वेणुका सिवाना, और वर्षा केरकेट्टा, मालती शार्दूल ,दीप्ति शोरी एवं पुनीता नेताम द्वारा किया गया। विभिन्न व्यवस्था हेमंत साहू मोहन पांडे, प्रज्ञा सुरोजिया, पूनम नाग, एवं शालिनी ठाकुर ने की। मंच संचालन सैयद तौसीफ आलम के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती निर्मला यादव धनेश्वरी मरकाम चमेली पांडे, हेमंत पांडे सुखदेव मरकाम तथा समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग हेतु 15 जुलाई से प्रारंभ हुआ नि:शुल्क कोविड टीकाकरण

### द्वितीय एवं प्रीकॉशन डोज हेतु 06 माह के अंतर में लगाये जा सकेंगे टीके



**कोण्डागांव।** कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव के तहत् जिला कोण्डागांव के 18 वर्ष व अधिक आयु वर्ग के सभी लाभार्थियों का प्रीकॉशन डोज का टीकाकरण दिनांक 15 जुलाई 2022 से सरकारी कोविड-19 टीकाकरण केन्द्रों में नि:शुल्क प्रारंभ किया गया है। इन टीकाकरण केन्द्रों को सभी सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैण्ड, औद्योगिक क्षेत्र, स्कूल, कॉलेज आदि में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाया गया है। लाभार्थी कोविड-19 टीकाकरण के द्वितीय डोज लेने के 06 माह या 26 सप्ताह पूर्ण होने पर ही प्रीकॉशन डोज हेतु पात्र होंगे। यह अभियान 15 जुलाई 2022 से प्रारंभ होकर 30 सितम्बर 2022 तक 75 दिनों में चलाया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूली बच्चों एवं अन्य समस्त व्यक्तियों को प्रथम डोज, द्वितीय डोज एवं प्रीकॉशन डोज जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में लगाया जा रहा है। लाभार्थी अपने नजदीकी सरकारी कोविड-19 टीकाकरण केन्द्र में नि:शुल्क वैक्सीन लगा सकते हैं। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी निवासियों से अपील की है कि वे अपना टीकाकरण का समय आने पर टीकाकरण अवश्य करवायें एवं अपने आस-पास के लोगों को भी टीकाकरण हेतु प्रेरित करें।

# जिला अस्पताल में शिकायत एवं सुझाव पेटी लगाये जायेंगे

### आमजन देंगे फीडबैक, शिकायत पेटियों की एसडीएम द्वारा होगी जांच

**कोण्डागांव। शनिवार को कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के आपात चिकित्सा वार्ड, ओपीडी, आईपीडी, हमर लैब, जन औषधि केन्द्र, चिकित्सक कक्ष आदि का अवलोकन किया।**





### प्रतिदिन जिला अस्पताल में तहसीलदार द्वारा चिकित्सकों की उपस्थिति की होगी जांच

इस दौरान उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता का निरीक्षण करते हुए अस्पताल के खूले स्थानों से वर्षा के पानी के अस्पताल में भरने को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर खूले स्थान पर डोम निर्माण के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला अस्पताल के चिकित्सकों की बैठक आयोजित कर उन्हें आने वाले लोगों के साथ संवेदनशीलता से व्यवहार कर उन्हें बेहतर चिकित्सकीय सुविधाओं को देने हेतु प्रेरित करते हुए उनसे चिकित्सा हेतु आवश्यक उपकरणों की मांग एवं समस्याओं पर चर्चा की।

इस अवसर पर कलेक्टर ने सिविल सर्जन को अस्पताल में हर फ्लोर पर शिकायत एवं सुझाव पेटी की स्थापना के निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक ओपीडी एवं आईपीडी के मरीजों को चिकित्सकीय पर्ची के साथ फीडबैक फॉर्म देते हुए प्रत्येक मरीज से इसे भरवाया जाये साथ ही फॉर्म में मरीज का सम्पर्क नम्बर दर्ज कराना भी आवश्यक है। इन पेटियों में डाले गये फीडबैक पेटियों की पूरी जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) की होगी। इन पेटियों को केवल एसडीएम द्वारा ही खोला जायेगा। पेटी में प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों का विस्तृत विवरण प्रत्येक मंगलवार को समय-सीमा बैठक में एसडीएम द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा एवं इस पर कार्यवाही भी की जायेगी।

### अस्पताल में लगाया जायेगा चिकित्सकों का महीनेभर का रोस्टर

कलेक्टर ने जिला अस्पताल के चिकित्सकीय कक्षों एवं प्रवेश द्वार के निकट मरीजों की सुविधा हेतु पूरे माह में चिकित्सकों की ड्यूटी का रोस्टर तैयार कर चस्पा करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही स्थानीय तहसीलदार को प्रतिदिन जिला अस्पताल में जाकर प्रात: चिकित्सकों की उपस्थिति पंजी की जांच कर उसकी फोटो द्वारा वेरिफिकेशन करने एवं देरी से आने वाले चिकित्सकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने को कहा। आवश्यक चिकित्सकों, ऑडियोलॉजिस्ट, माइक्रो बायोलॉजिस्ट एवं अन्य चिकित्सकीय स्टॉफ की भर्ती हेतु विडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा साक्षात्कार कर भर्ती करने एवं सभी चिकित्सकों के कार्यों का मूल्यांकन कर कार्य में औसत प्रदर्शन करने वाले चिकित्सकों को हटाने को कहा।

उन्होंने मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत् माकड़ी एवं विश्रामपुरी में मच्छरदानी वितरण की सराहना करते हुए स्थानीय सचिवों को इसके सत्यापन हेतु निर्देशित किया साथ ही उन्होंने बच्चों के टीकाकरण, कोविड टीकाकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। ब्लड बैंक में खून की व्यवस्था हेतु उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी को सक्रिय कर स्थानीय युवाओं, अशासकीय संस्थाओं एवं सामाजिक समूहों को प्रेरित कर उनके माध्यम से ब्लड बैंक में यूनिट संख्या बढ़ाने को कहा। यहां उन्होंने चिकित्सा हेतु आये मरीजों से भी चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, तहसीलदार विजय मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ0 संजय बसाख, डीपीएम सोनल ध्रुव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेशा एक्ट लागू कर भूपेश ने बढ़ाया आदिवासियों का मान

## धरमजयगढ़ विधायक लालजीत के नेतृत्व में नेताओं ने जताया सीएम का आभार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से प्रदेश के आदिवासी नेता लालजीत सिंह राठिया विधायक धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा आदिवासी विकास प्राधिकरण मध्य क्षेत्र छत्तीसगढ़ शासन, छत्तीसगढ़ संग्राम सेनानी गांधीवादी समाजिक एवं सूचना का अधिकार के कार्यकर्ता माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में छत्तीसगढ़ में पेसा एक्ट लागू करने सबंधित मुख्य जनहित याचिकाकर्ता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोपाल सिंह जूदेव एवं शिव शर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस घरघोड़ा, प्रजाराम राठिया, रमेश अग्रवाल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धरमजयगढ़ आदि अनेक कार्यकर्ताओं के साथ छत्तीसगढ़ में पेसा एक्ट लागू करने के अनुमोदन सौजन्य भेंट कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के श्रीफल और शाल से भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान लालजीत सिंह राठिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र की ज्वलंत गंभीर समस्याओं से भी अवगत कराया। लालजीत सिंह राठिया ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि भूपेश है त भरोसा हे हमारे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल अत्यधिक सरल सहज संवेदनशील व्यक्तित्व एवं नेतृत्व के धनी हैं मैं अपने छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति छत्तीसगढ़ में पेसा एक्ट लागू करने के अनुमोदन पर सदैव आभारी रहूंगा इससे मेरे पिता स्वर्गीय चनेशराम राठिया का हमारे पुरखों का आदिवासी भाईयों का सपने साकार होंगे। पेसा एक्ट कानून लागू होने से आदिवासी बाहुल्य राज्य छत्तीसगढ़ में वनवासी जल जंगल जमीन और अकूत बहुमूल्य खनिज संपदाओं के मालिक आदिवासियों पर हो रहे जोर जुल्म अत्याचार शोषण और दमन समाप्त होगें, पेसा एक्ट कानून लागू होने से हमारे आदिवासी भाईयों का आर्थिक समाजिक दृष्टिकोण से समग्र विकास विकास होगा और जल जंगल जमीन और अकूत बहुमूल्य खनिज संपदाओं का मालिक बनेंगे विस्थापन और पलायन की पीड़ा से बचेगे हमारे आदिवासी भाई आत्मनिर्भर होंगे। लालजीत सिंह राठिया ने विस्तार से बताया कि मेरे पिता स्वर्गीय चनेशराम राठिया ने शहीद महेंद्र कर्मा झुमुक लाल भेंडिया भंवर सिंह पोर्ते मनकु राम सोढ़ी, प्यारेलाल कंवर, गांधीवादी बोध राम कवंर आदि अनेकानेक आदिवासी नेताओं के सपनों को साकार करने मूर्त रूप देने अपने कुशल मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से मेरे काकू गोपाल सिंह जूदेव के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में जनहित याचिका दायर करवाया है जिसका लाभ देर सबेर हमारे पुरखों के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रचनात्मक ठोस पहल व्यापक जनहितों में हमारे आदिवासी समाज को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा और भूपेश बघेल के अगुवाई में शोषण दमन अत्याचार निश्चित रूप से समूल नाश होंगे चूंकि भूपेश है त भरोसा हे।

## एक नजर

### एस.आई.एस. लिमिटेड द्वारा ग्रेजुएट ट्रेनी ऑफिसर की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 24 जुलाई को

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य अमरनाथ धमगया ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय मल्टीनेशनल सुरक्षा कंपनी एस. आई. एस. लिमिटेड द्वारा ग्रेजुएट ट्रेनी ऑफिसर की भर्ती प्रक्रिया आरंभ करने जा रही है। जिसके तहत पूरे देश के बेरोजगार स्नातक युवकों को इससे जोड़ने का प्रक्रिया प्रारंभ करने जा रही है। कंपनी के अध्यक्ष आर. पी. सिंह ने बताया कि आने वाले 24 जुलाई 2022 को एक लिखित परीक्षा एस. आई. एस. ट्रेनिंग सेंटर आई. टी. आई. भवन आरा जशपुर, एस. आई.एस. शाखा कार्यालय रायगढ़, रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग में आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत सफल उम्मीदवारों को सुरक्षा के क्षेत्र में सहायक सुरक्षा अधिकारी के पद पर स्थाई नियुक्ति दी जायेगी। उन्होंने बताया कि कंपनी के सूत्रों के अनुसार इस तरह के कार्यक्रम वर्ष में एक बार किया जाता है जिसके अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 100 सहायक सुरक्षा अधिकारी, 100 ट्रेनिंग ऑफि सर तथा 150 ग्रेजुएट ट्रेनी सुपरवाइजर आदि को प्रशिक्षित कर स्थाई नियुक्ति दी जायेगी। नियुक्ति होते ही वेतन प्रारंभिक वेतनमान 25000 हजार प्रतिमाह वार्षिक सीटीसी रूपया 3,50,000 होती है तथा सालाना वेतन, पदोन्नति का प्रावधान रहता है जो उज्जवल भविष्य के निर्माण में सहायक होती है। उन्होंने जिले के युवाओं से भर्ती में शामिल होकर लाभ उठाने का आग्रह किया है।

**पिकअप से बाढ़ का जायजा लेने पहुंचे आबकारी मंत्री**

### NH-30 पर इतना पानी की नहीं पहुंच पाए कोंटा, बीजापुर के बाढ़ प्रभावितों से भी मिले





सुकमा/बीजापुर। छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री और कोंटा विधानसभा से विधायक कवासी लखमा सुकमा जिले में बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेने के लिए निकले। हालांकि, वे इंजरम गांव से आगे कोंटा नहीं पहुंच सके।

इंजरम में पानी से लबालब हुई नेशनल हाईवे के कुछ हिस्से को तो मंत्री कवासी लखमा ने पिकअप और कलेक्टर व स्क्ने ट्रैक्टर से कुछ दूर तक तो पार कर लिया, लेकिन बढ़ते जलस्तर को देख उन्हें लौटना पड़ा। इंजरम गांव के लोगों से जरूर मुलाकात की। आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने अधिकारियों को निर्देश दिए की बाढ़ प्रभावित इलाकों में जल्द से जल्द सुविधाएं पहुंचाएं। जिन गांवों में लोग फंसे हुए हैं, उन्हें जल्द से जल्द निकाल कर राहत शिविर कैंप तक लाया जाए। जिन गांवों का संपर्क ब्लॉक और जिला मुख्यालयों से कट गया है, वहां तक राहत सामग्री राशन, दवाइयां जैसी जरूरत के सामान भेजें। कवासी लखमा ने ग्रामीणों के रेस्क्यू के लिए 1 मोटर बोट और रसद सामानों की व्यवस्था की। जिसे बाढ़ प्रभावित इलाकों में भिजवाया है।

आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहां की छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य तेलंगाना और महाराष्ट्र में लगातार बारिश हो रही है। वहां पर नदियों में बने डेम को खोल दिया गया है। गोदावरी और शबरी नदी उफान पर आ गई है। इसी वजह से जिले के कोंटा, इंजरम और डोंड्रा गांव पूरी तरह बाढ़ से प्रभावित हो गए हैं। लखमा ने कहा कि, जब भाजपा की सरकार थी तब भी आपदा आती थी, लेकिन लोगों के लिए काम नहीं होते थे। आबकारी मंत्री कवासी लखमा सुकमा के बाद चौपर से बीजापुर पहुंचे। राहत शिविर में रखे गए कोंडमोसा, रामपेटा के बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की। ग्रामीणों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने राजस्व अमला को लगातार निगरानी रखने पंच, सरपंच, कोटवार, सचिव, पटवारी एवं मैदानी अमला को सतर्क रहकर पल-पल की जानकारी देने के निर्देश दिए।

## वन विभाग का निर्माण पहली बारिश में हो रही लोगों को परेशानी

### केशोडार मार्ग का रपटा क्षतिग्रस्त,सरपंच ने लगाया कार्य में लापरवाही का आरोप

**गरियाबंद** । जिला मुख्यालय से दो किलोमीटर दूर ग्रामपंचायत डोंगरीगाव के आश्रित ग्राम से केशोडार और तावरबाहर को गरियाबंद जोड़ने वाला मार्ग में गरियाबंद परिक्षेत्र वन विभाग द्वारा उस मार्ग में पड़ने वाला रपटा में 6 लाख 33 हजार रुपये के लागत से कुछ माह पूर्व पुल बनाया था जो एक बरसात भी नही चला और बरसात के पहली पानी मे ही पुल के समीप के दोनो तरफ का मिट्टी को उखाड़ दिया जिससे लोगो को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है।वही उस पुल के निर्माण में वन विभाग के ऊपर भ्रष्टाचार करने का आरोप डोंगरीगाव के सरपँच द्वारा लगाया जा रहा है।

ज्ञात हो कि गरियाबंद से देवभोग जाने के मुख्य मार्ग नेशनल हाइवे 130 से एक किलोमीटर दूर ग्राम केशोडार के पहले नाले में छै माह पूर्व गरियाबंद वन विभाग द्वारा पूल बनाया गया है , उस रपटा में पुल तो बनाया गया है लेकिन उस पुल के दोनो तरफ के सड़क में पिचिंग कार्य ठिक नही होने के चलते मिट्टी कट गया जहाँ अब दस फिट गड्ढा हो गया है जिसमे से लोगो को सड़क पार करने में परेशानी हो रही है।वही ग्राम के सरपँच के द्वारा पुल निर्माण निर्माण में भी वन विभाग भ्रष्टाचार किये जाने का आरोप लगाया गया है। ज्ञात हो कि गरियाबंद वन मण्डल में पदस्त वन परिक्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी आज अपने मूल कर्तब्यों को दरकिनार कर अन्य निर्माण कार्यो में लगे हुए है।

## विधायक भगत जनता दरबार के माध्यम से सुनी ग्रामीणों की समस्या

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



जशपुर विधायक विनय भगत प्रतिदिन अपने आवास में जनता दरबार के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित निराकृत करने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही विधायक भगत क्षेत्र के विकास एवं ग्रामीणों की समस्याओं को जानने लगातार जनसंपर्क के माध्यम से क्षेत्रों का सघन दौरा कर गांव-गांव तक पंहुच रहे हैं। यहां ग्रामीण विधायक को अपने बीच पाकर अत्यंत प्रसन्न होते है और बेझिझक अपनी समस्या बताते है। विधायक द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ दिलाने का सतत प्रयास किया जा रहा है। जिनसे उनका आर्थिक विकास हो सके। साथ ही उनमे जनजागरूकता लाने का भी कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त दूरस्थ क्षेत्रों के भी ग्रामीण अपनी व्यक्तिगत व अपने गाँव की समस्या के निराकरण के लिए विधायक आवास पंहुचकर उन्हें अपनी समस्या बताते हैं। विधायक श्री भगत द्वारा ग्रामीणों को समस्या को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभाग को समस्याओं को प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए निर्देशित किया जाता है। साथ ही बीमारी के ईलाज व अन्य आर्थिक सहायता के मामलों में विधायक द्वारा तत्काल सहायता राशि देकर ग्रामीणों को त्वरित सहायता पहुंचाया जाता है।

## कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कोण्डागांव । शनिवार को कलेक्टर दीपक सोनी ने लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने फैक्ट्री पहुंच यहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया साथ ही यहां कार्यरत् महिलाओं से चर्चा की।



जिसपर कलेक्टर ने डीक्सी कंपनी के फैक्ट्री संचालकों एवं नोडल अधिकारी से दिये जाने वाली मासिक पारिश्रमिक को बढ़ाने एवं कार्यरत् महिलाओं की रहने एवं आवागमन की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने कार्यरत् महिलाओं को बेहतर कार्य एवं प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित करते हुए अधिकारियों को इस फैक्ट्री की शाखाएं सभी विकासखण्डों में खोलकर सभी विकासखण्डों में रोजगार के अवसर विकसित करने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने आजीविका कॉलेज में ऑटोमोबाईल ट्रेड के प्रशिक्षु छात्रों से मुलाकात कर चर्चा करते हुए प्लेसमेंट के संबंध में जानकारी ली।

इस अवसर पर उन्होंने नव निर्मित कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का भी अवलोकन करते हुए इसकी निर्माण एजेंसी को सभी व्यवस्थाएं जल्द से जल्द पूर्ण कर फैक्ट्री को नवीन भवन में स्थानांतरित करने के निर्देश दिये एवं महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए इन्हें सहकारी समिति के रूप में संगठित करने के निर्देश दिये।



## सट्टा पट्टी के साथ एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



सट्टी पट्टी से लोगों को जुआ खेला रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला धरमजयगढ़ थानांतर्गत मस्दिपारा का है। धरमजयगढ़ पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि मस्दिपारा में एक व्यक्ति सट्टी पट्टी से जुआ खेला रहा है। सूचना पर पुलिस ने मस्दिपारा में सट्टा खलवाने वाले आरोपी सलेन्द्र उर्फ गोल्डी मिश्रा के यहां दबिश दी। पुलिस ने सलेन्द्र उर्फ गोल्डी मिश्रा पिता टीकादत्त मिश्रा को सट्टा पट्टी के साथ पकड़ लिया। उनके पास से 400 रुपए और 15500 रुपए का सट्टा पट्टी लिखा कागज जब्त किया गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक उमाशंकर धृतांत, आरक्षक किशोर राठौर, अर्जुन एक्का ने की।

कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक राजीव भवन में

## संगठन चुनाव को लेकर डीआरओ एवं बीआरओ होंगे उपस्थित




**दुर्ग**- जिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक 17 जुलाई को शाम 4 बजे राजीव भवन दुर्ग में रखी गई है। कांग्रेस प्रवक्ता देवेश मिश्रा ने बताया कि,इस बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल की अध्यक्षता में विधायक अरुण वोरा,अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आर एन वर्मा,महापौर धीरज बाकलीवाल,सभापति राजेश यादव सहित संगठन चुनाव के मद्देनजर विशेष रूप से दुर्ग जिले के लिए नियुक्त डीआरओ एवं बीआरओ उपस्थित रहेंगे।डीआरओ द्वारा प्रदेश चुनाव अधिकारी द्वारा प्राप्त निर्देशों को सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा,जिससे संगठन चुनाव की प्रक्रिया को गति दी जा सके। इस बैठक में जिला कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी,जनप्रतिनिधियों,सहित पार्षद पूर्व पार्षद छाया पार्षद एल्डरमैन उपस्थित रहेंगे।

## 69 वी सीनियर रास्ट्रीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने छत्तीसगढ़ की टीम रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



69 वी सिनियर रास्ट्रीय पुरूष कबड्डी चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की कबड्डी टीम हरियाणा रवाना हुवे रवाना होने से पहले सभी चयनित पुरुष कबड्डी खिलाड़ियों को कबड्डी किट व ट्रैकशूट वितरण किया गया इस संबंध में जानकारी देते हुए एन आई एस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि 69 वी सिनियर पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 21 से 24 जुलाई तक चखरी दादरी हरियाणा में आयोजित किया है इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की सिनियर पुरुष कबड्डी टीम ट्रेन से रवाना हुए चयनित कबड्डी खिलाडीयो का दस दिवसीय कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला खेल परिसर के इनडोर बैडमिंटन हाल में किया गया था सभी चयनित खिलाडीयो को टीम में आपसी तालमेल बैठाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया तथा खेल कौशल स्किल से कबड्डी कोच द्वारा अवगत कराया गया शाम को सभी खिलाड़ियों व कोच मैनेजर कबड्डी किट व ट्रैकशूट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आतिथियो के द्वारा प्रदान किया गया पिछले साल छत्तीसगढ़ की कबड्डी टीम ने अपने पूल में विनर रहते हुवे फ्री क्वाटर फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रचा था इस साल भी अच्छे प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ परिवार द्वारा प्रेषित किया है चयनित खिलाडी - वीरेंद्र खुसराम(कप्तान), सोमू नेताम, दुर्गेश नेताम, दुर्गेश साहू, रेहान खान, शुभम निर्मलकर, उमेश पोर्ते, सुरेन्द कवर, शुभम, राजेन्द्र यादव, व संस्कार मिश्रा शामिल है टीम के कोच पुलिस विभाग में पदस्त गौर चंद्र मिश्रा व मैनेजर रेलवे पुलिस में पदस्थ अभिषेक पांडे है कबड्डी प्रशिक्षण शिविर समापन व किट वितरण के दौरान अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ बिलासपुर जीवन मिश्रा, सचिव प्रदीप यादव, एन आई एस कबड्डी कोच खेल एंव युवा कल्याण विभाग बिलासपुर दिल कुमार राठौर, व्यायाम शिक्षक के पी कश्यप, कृष्णा पटेल, महेंद्र पटेल, राकेश देवांगन वरिष्ठ कबड्डी प्रशिक्षक पुन्नी राम साहू, व्याख्याता पी एल कर्ष, माया राम जायसवाल, सुमन सूरज व रजनीश कैवर्त उपस्थित थे सभी ने खिलाडीयो को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी है।

**आवश्यकता है**

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

**वेतन योग्यतानुसार**

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

**दैनिक जोहार छत्तीसगढ़**

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in